




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 15, अंक 108 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, मंगलवार 03 मार्च 2026 www.samaydarshan.in


पाकिस्तान में महासंग्राम : खामेनेई की मौत पर कराची से पाक तक भड़की हिंसा

# अब तक 35 निर्दोष नागरिकों की मौत,हालात चिंताजनक

नई दिल्ली/ एजेंसी

आज की सुबह पाकिस्तान के कई शहरों के लिए मातम और चीख-पुकार लेकर आई है क्योंकि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत की खबर ने यहां नफ़रत की आग लगा दी है। लोग भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं और सुरक्षाबलों के साथ उनकी हिंसक झड़पें पूरी दुनिया को डरा रही हैं। इस बेहद तनावपूर्ण माहौल में आम नागरिकों की जान जा रही है और चारों तरफ केवल धुआं, आंसू और दहशत का मंजर ही नजर आ रहा है। यह एक ऐसी मानवीय त्रासदी है जिसने न केवल सीमा पार के रिश्तों को बल्कि आंतरिक सुरक्षा और शांति को भी दांव पर लगा दिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची से लेकर गुलाम कश्मीर तक के शहरों में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बेकाबू होती हिंसा में अब तक 35 निर्दोष नागरिकों की जान जा चुकी है जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई सीधी भिड़ंत ने हालात को और भी ज्यादा विस्फोटक और चिंताजनक बना दिया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार सबसे ज्यादा तबाही कराची में देखी गई है जहां हिंसक प्रदर्शनों के दौरान अब तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा गिलगित में 7, स्कर्दू में 6 और राजधानी इस्लामाबाद में भी 6 आम नागरिकों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई में अपनी जान गंवाई है। सूत्रों का कहना है कि ये सभी नागरिक झड़पों के दौरान



सुरक्षा बलों और वहां तैनात अमेरिकी मरीन सुरक्षा टुकड़ी की कार्रवाई में हताहत हुए हैं। बिगड़ते हालातों को देखते हुए पंजाब सरकार ने प्रांत के सभी सरकारी अस्पतालों में तत्काल प्रभाव से इमरजेंसी घोषित कर दी है ताकि घायलों को तुरंत उपचार मिल सके। हालांकि कुछ गोपनीय सूत्रों का दावा है कि प्रशासन ने अस्पतालों को मौतों के वास्तविक आंकड़े मीडिया के सामने जारी न करने के सख्त निर्देश दिए हैं। शिया आबादी वाले संवेदनशील इलाकों में एहतियातन भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी तरह की और अधिक हिंसा को समय रहते रोका जा सके। पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए कड़ी सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है और उन्हें भीड़-भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की हिदायत दी है। दूतावास कराची, लाहौर, इस्लामाबाद और पेशावर में हो रहे हिंसक प्रदर्शनों और घेराव के ऐलान पर पल-पल की पैनी नजर रख रहा है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे स्थानीय समाचारों से लगातार अपडेट रहें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपायों का पालन करें।पड़ोसी देश में मचे इस भारी कोहराम और मध्य पूर्व के तनावपूर्ण हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है।

### अमेरिका-इजराइल की चपेट में आए ईरान के 131 शहर, हमले में गई 555 लोगों की जान

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच अभी युद्ध चल रहा है. ईरान ने खाड़ी के कई देशों पर भी हमला किया है. इस युद्ध में मारे जाने वाले लोगों के आंकड़ों की जानकारी ईरान की तरफसे दी गई है. ईरान का कहना है कि ईरान में स्-इजराइली हमलों में अब तक 555 लोग मारे गए हैं. एपी के मुताबिक, ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने सोमवार को कहा कि ईरान को निशाना बनाकर किए गए स्-इजराइली एयरस्ट्राइक कैंपेन में इस्लामिक रिपब्लिक में अब तक कम से कम 555 लोग मारे गए हैं. सोसाइटी ने आगे कहा कि इस युद्ध में अब तक 131 शहरों पर हमला हुआ है. ईरान ने कहा कि अफ़्सोस की बात है कि हमारे 555 हमवतन मारे गए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### अविनाश राय खन्ना के नाम दर्ज हुई बड़ी उपलब्धि

**होशियारपुर।** पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा सम्मानित करने पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने खन्ना को बधाई दी है। गौरतलब है कि पूर्व सांसद खन्ना द्वारा अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत से ही खन्ना जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करते आये हैं। अपने प्रारंभिक राजनीतिक कार्यकाल से ही खन्ना ने जनसेवा को प्राथमिकता दी है। जनहित के मुद्दों को खन्ना ने सदैव अपने स्तर पर उठाया और बिना किसी देरी के पहल करते हुए जनसमस्याओं का सरकारी तंत्र द्वारा और अपनी व्यक्तिगत कोशिशों से निवारण किया। खन्ना की इस समाज उद्धारक सोच और बेजोड़ समाज हितैषी कार्यों के चलते वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने उनको अवार्ड से नवाज़ा है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने खन्ना को बधाई देते हुए उनके द्वारा किये जा रहे बेहतरीन समाज उद्धारक कार्यों की सराहना की।

### श्रीनगर समेत कई शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया। श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

### राजस्थान में समय से पहले गर्मी का सितम

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार होली के रंगों के साथ गर्मी के तीखे तेवर भी देखने को मिलेंगे। प्रदेश में समय से पहले ही सूरज की तपिश ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को राज्य के कई शहरों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जिसने आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के संकेत दे दिए हैं। बाड़मेर और फतेहपुर में सबसे ज्यादा तपिश पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही।

सिद्धारमैया की प्राथमिकता कन्नड़ लोग

## प्रह्लाद जोशी बोले-भारतीयों की सुरक्षा पहले प्रतिबद्धता

बंगलूरू। एजेंसी



सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा, अब तक मिली जानकारी के अनुसारी हवाई क्षेत्र में बाधा आने और उड़ानें रद्द होने के कारण संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में करीब 100 और बहरीन में नौ कन्नड़ लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीमें लगातार संपर्क में हैं, ताकि सही जानकारी जुटाई जा सके और जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा सके। मुख्यमंत्री ने खाड़ी क्षेत्र में भारतीय दूतावासों के हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में तेजी से हालात बदल रहे हैं और विदेश में रह रहे हर कन्नड़िगा की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) और सभी जिलों के आपातकालीन संचालन केंद्र (डीईओसी) 24×7 सक्रिय कर दिए गए हैं।




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्य जीव संरक्षण अभियान अंतर्गत श्योपुर की कूनो नदी में घड़ियाल छोड़ें।

आईआरजीसी का बड़ा दावा

## नेतन्याहू के दफ्तर पर ईरान ने किया हमला



**नई दिल्ली।** ईरान और इज़रायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरानी पक्ष का कहना है कि उसने इज़रायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दफ्तर को निशाना बनाते हुए हमला किया है। हालांकि, इज़रायल की ओर से इस दावे पर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यह दावा ऐसे समय में सामने आया है जब क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां तेज़ हैं और दोनों देशों के बीच बयानबाज़ी भी अपने चरम पर है। ईरान ने कहा है कि यह कार्रवाई इज़रायली हमलों के जवाब में की गई, जबकि इजरायल की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आईआरजीसी ने बयान जारी कर कहा है कि उसने इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दफ्तर को निशाना बनाया है। साथ ही इज़रायल के वायुसेना कमांडर के आवास पर भी हमले का दावा किया गया है।

सीएम ममता ने ईसी पर लगाए गंभीर आरोप

## भाजपा की मदद के लिए काटे गए मतदाताओं के नाम-ममता

कोलकाता। एजेंसी



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म होता जा रहा है। दक्षिण 24 परगना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इसके कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में जवाबी हमला करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग दोनों पर गंभीर आरोप लगाए। राज्य में अब चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। अमित शाह ने अपनी रैली में ममता बनर्जी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस बार चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है। भाजपा नेताओं ने कहा कि परिवर्तन यात्रा राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने के लिए निकाली गई है। रैली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राज्य सरकार को कानून व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर घेरा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में असली मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए यह कार्रवाई की गई। ममता बनर्जी ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। ममता बनर्जी ने कहा कि उनके खुद के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।


### भारतीय सेना की ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद दुम दबाकर भागा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भारतीय सीमा के भीतर एक पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ की कोशिश करता नजर आया। दिगवार इलाके में आसमान में मंडराते इस संदिग्ध ड्रोन को देखते ही मुस्तैद भारतीय सेना के जवानों ने बिना कोई देरी किए अपनी बंदूकें तान लीं। जवानों ने इसे मार गिराने के इरादे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दुश्मन के खेमे में दहशत फैल गई। अधिकारियों के मुताबिक, फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सतर्क जवानों ने सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर इस दुश्मन ड्रोन को देखा था। इसे नेस्तनाबूद करने के लिए जवानों ने एक दर्जन से भी ज्यादा राउंड गोलियां दागीं।

शरीफ की दोहरी नीति का पर्दाफाश

## ईरान के लिए दिखावे के आंसू और कराची में अपनों पर गोलियां

नई दिल्ली/ एजेंसी



ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत ने पूरे मिडिल ईस्ट के साथ-साथ पड़ोसी देश पाकिस्तान को भी दहला कर रख दिया है। जहां एक तरफ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ईरान के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं, वहीं उनके अपने देश में अराजकता का माहौल है। कराची की सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर हुई कार्रवाई ने सरकार के संवेदनशील चेहरे के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया है। अपनों के खून से सनी सड़कों के बीच सरकार का विदेशी शोक मनाना अब जनता के बीच तीखी आलोचना और भारी गुस्से का विषय बन गया है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान की सरकार और यहां के लोग इस कठिन समय में ईरान के साथ खड़े हैं और इसे एक अपूरणीय क्षति मानते हैं। लेकिन सरकार का यह दुख महज एक कूटनीतिक दिखावा नजर आ रहा है क्योंकि देश के भीतर सुरक्षा के हालात बेहद भयावह और बेकाबू हो चुके हैं। खामेनेई की मौत की खबर फैलते ही पाकिस्तान के कई शहरों में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। कराची में गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को फूंकने की कोशिश की, जिसे बलपूर्वक रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने सीधी फायरिंग कर दी।

पश्चिमी एशिया के हालत चिंताजनक

## बातचीत से निकले समाधान-भारतीयों के लिए कही ये बात

नई दिल्ली/ एजेंसी

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात को चिंताजनक बताते हुए शांति और संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों से ही संभव है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा से शांति, स्थिरता और संवाद का समर्थक रहा है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती है, जिसका असर वैश्विक स्तर पर भी पड़ सकता है। ऐसे में सभी पक्षों को संयम बरतते हुए बातचीत की मेज पर लौटना चाहिए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क में है और शांति बहाली के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने को तैयार है। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद पीएम मोदी ने बताया कि भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ाते हुए दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर एक साथ मिलकर काम करेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस समय भारत आए हुए हैं, मार्क कार्नी की यह यात्रा कई मायनों में खास है। अपनी इस



यात्रा के दौरान उन्होंने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित भी किया। कनाडा और भारत के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग भी शामिल है। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर सहमति बनी है। समझौते के तहत कनाडा, भारत को यूरेनियम की आपूर्ति करेगा। दोनों देश लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकी पर भी साथ काम करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर भी चर्चा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, विश्व में जारी कई तनावों पर भारत का रुख स्पष्ट है, हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया है, और जब दो लोकतांत्रिक देश एक साथ खड़े होते हैं, तो शांति की आवाज और भी मजबूत हो जाती है। पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत सभी विवादों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है। हम इस क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### इजरायल और यूएई से भी कर चुके हैं बात

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फोन पर बात कर चुके हैं और दोनों ही देशों को पीएम मोदी ने साथ खड़े रहने का भरोसा भी दिलाया है। इसकी जानकारी पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी साझा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी लिखते हैं कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए टेलीफोन पर बात हुई। हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंताओं से अवगत कराया और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। भारत ने शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने की आवश्यकता को दोहराया। इसके अलावा पीएम मोदी ने एक और पोस्ट साझा किया जिसमें उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ बातचीत की जानकारी दी और यूएई पर हुए हमले की निंदा की।

## संक्षिप्त समाचार

### बचेली पुलिस ने 2 साल पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई, आरोपी राकेश तेलाम गिरफ्तार




**एस एच अज़हर दंतेवाड़ा।** जिले के बचेली पुलिस ने 2 साल पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी राकेश तेलाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**मामले का विवरण:** 14 जनवरी 2024 को रात करीब 11:30 बजे बुधरू तेलाम की हत्या कर दी गई थी। प्रार्थी राजू तेलाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता बुधरू तेलाम को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मारकर भाग दिया था। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी राकेश तेलाम ने अपने पिता बुधरू तेलाम की हत्या की थी, क्योंकि उसने एनएमडीसी लिमिटेड से मिली मुआवजा राशि का प्रथम किस्त फर्जी तरीके से प्राप्त करने के केस में फंसने से बचने और बाकी मुआवजा का बचा पैसा 14 लाख रुपये प्राप्त करने के लिए हत्या की थी । पुलिस ने आरोपी राकेश तेलाम को 2 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त गुप्ती को जप्त किया गया है। आरोपी को माननीय सीजेएम न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### घरेलू सामान की आड़ में हो रही थी करोड़ों के गांजे की तस्करी, एमपी का तस्कर गिरफ्तार




**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुन्द जिला अंतर्गत बसना थाना द्वारा नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बसना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने ओडिशा की ओर से आ रहे अशोक लीलैंड 'बड़ा दोस्त' वाहन क्रमांक [illegible]4455 को रोका। जांच के दौरान पुराने घरेलू सामान के नीचे छुपाकर ले जाया जा रहा 02 क्विंटल 74 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 37 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन, नगदी राशि और दो टच स्क्रीन मोबाइल फोन समेत कुल 1 करोड़ 44 लाख 12 हजार 120 रुपये की संपत्ति जब्त की है। मामले में मध्यप्रदेश के सागर जिले निवासी रोशन यादव को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क्ष) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### होली 2026 : संस्कार सिटी कॉलेज में उमंग और खुशियों का संगम



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में होली का त्योहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय का परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और मुस्कान से सजा हुआ था, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और भाईचारे का परिचय दिया। इस खास अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गुरप्रीत कौर ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकगण को होली के रंगों से प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सबको जीवन में सद्भावना, प्रेम और भाईचारे की महत्वपूर्णता समझाता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफने मिलकर इस पर्व को एक परिवार की तरह मनाया। यह उत्सव न केवल रंगों और खुशी का था, बल्कि यह एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है, जिससे महाविद्यालय का माहौल और भी जीवंत हो उठा। प्राचार्य ने यह भी कहा कि होली हमें यह सिखाती है कि जीवन में प्रेम और एकता के रंग हमेशा बने रहना चाहिए और हम सभी मिलकर समाज में खुशियों का प्रकाश फैलाएं। संस्कार सिटी कॉलेज परिवार की ओर से सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस रंगीन पर्व से आपके जीवन में खुशियाँए समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार हो।

# संस्कारधानी तीरंदाजी संघ ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, गुन्टुर विजयवाड़ा में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ, जिला इकाई राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्टता साबित कर दिखाया है। आगामी 26 मार्च से 07 अप्रैल 2026 तक गुन्टुर विजयवाड़ा (तेलंगाना) में आयोजित 15वीं एनटीपीसी मिनी आर्चरी टूर्नामेंट 2026 में चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिष्ठान बढ़ाने के लिए अपने दमदार प्रदर्शन से भाग लेंगे।

राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों में इंडिया राउंड यू-15 में बालिका वर्ग से तिथि चौबे (चौथा स्थान) पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव, बालक वर्ग में सुमित यादव (तृतीय स्थान) शहीद पूर्णानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, जंगलपुर, इंडिया राउंड यू-13 बालिका वर्ग में मिश्ती सिन्हा (तृतीय स्थान) गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव, बालक वर्ग में ओजल कुमार यादव (पंचम स्थान) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, रामपुर, इंडिया राउंड यू-10 बालिका वर्ग में मान्या साहू (द्वितीय स्थान) राजेश्वरी करूणा हायर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव, बालक वर्ग में अक्षत खरे (प्रथम स्थान)




गायत्री विद्यापीठ, केसर नगर, भाव्या साहू (द्वितीय स्थान) श्री गुरुनानक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव, अर्थ साहू (चतुर्थ स्थान), इंडिया राउंड यू-15 कुमकुम साहू (पंचम स्थान) हायर सेकेंडरी स्कूल, जंगलपुर शामिल है।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की ओर से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खासकर जंगलपुर में संचालित प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से संघ ग्रामीण बच्चों को बेहतर दिशा और मंच प्रदान कर रहा है।

इसका परिणाम यह है कि संघ के प्रयासों से पांच बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के संरक्षकगण सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख, संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, रामपुर जनपद सदस्य मनीष साहू, रामपुर सरपंच सतीश सिंह, जंगलपुर सरपंच भूपेंद्र साहू, जंगलपुर प्राचार्य पुनाराम यादव, स्पोर्ट टीचर मनीष पांडे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंदू साहू, सहित पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके आगामी प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

साथ ही संघ के मुख्य कोच राहुल साहू, सहायक कोच अंजली यादव, भूपेंद्र सिन्हा और वरिष्ठ खिलाड़ी राहुल साहू एवं जतिन यादव को उनके कठोर परिश्रम और निस्वार्थ योगदान के लिए सराहा गया है।

संघ का विश्वास है कि सभी चयनित खिलाड़ी गुन्टुर विजयवाड़ा में शानदार प्रदर्शन करेंगे और जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## बिलासपुर में अलवा फाउंडेशन की बैठक, सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर



**राजनांदगांव।** अलवा फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. हेम शंकर जेठमल साहू ने रविवार को इंडियन कॉफी हाउस में बिलासपुर जोन के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

डॉ. साहू ने कहा कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य किसानों, महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि ऋण माफी योजना शामिल रहीं। पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पात्र किसानों को इन योजनाओं से जोड़ने में सहयोग करें।

महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं पर भी मंथन हुआ। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन-धन योजना तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि सामाजिक संगठन और क्लब सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं। डॉ. साहू ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। अलवा फाउंडेशन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिए और संगठन के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया। फाउंडेशन की इस पहल को समाज के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सुकमा के कुचारास गाँव में एएमएनएस इंडिया ने नवनिर्मित ट्रेन-थीम स्कूल भवन सौंपा, बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में बड़ा कदम

**एस एच अज़हर/दंतेवाड़ा सुकमा, छत्तीसगढ़:** अर्सेलर मित्तल निप्पोंन स्टील इंडिया लिमिटेड (ऋहृह्स इंडिया) ने अपनी ष्टस्क्र पहल के तहत कुचारास गाँव में आधुनिक विद्यालय भवन का उद्घाटन और सौंपना किया। यह भवन ट्रेन-थीम आधारित कॉरिडोर और डिब्बा-शैली क्लासरूमों से सुसज्जित है, जो बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और जिज्ञासा जगाता है।

समारोह में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने भाग लिया। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर कंपनी ने मजबूत, रचनात्मक और प्रेरणादायक स्कूल बनाया। यह कंपनी के वैश्विक विजन



"Smarter Steels, Brighter Futures" का हिस्सा है, जो शिक्षा के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य बनाने पर केंद्रित है।

कंपनी ने बस्तर संभाग में शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के अन्य कार्य भी जारी रखे हैं, जैसे मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और कौशल प्रशिक्षण। कुचारास की सफलता के बाद अब परिया और मारोकी गाँवों में भी इसी तरह के स्कूल निर्माण शुरू हो गए हैं।

कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा, हम बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर नई पीढ़ी के लिए मजबूत नींव रख रहे हैं। ग्रामीणों ने इसे सपने के सच होने जैसा बताया। यह पहल दूरस्थ इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच बढ़ाने का मजबूत उदाहरण है।

## हेपेटाइटिस बी-सी उन्मूलन जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**मुंगेली( समय दर्शन )** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में हेपेटाइटिस बी एवं सी की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम, स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग एवं उपचार संबंधी अद्यतन दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि जिले में वायरल हेपेटाइटिस उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। विशेष रूप



से उच्च जोखिम समूहों में नियमित स्क्रीनिंग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च जोखिम समूहों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शिव पाल सिंह सिदार ने कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। संक्रमित रक्त, असुरक्षित सुई या ब्लेड का उपयोग, असुरक्षित टैटू बनवाना तथा असुरक्षित यौन व्यवहार हेपेटाइटिस संक्रमण के प्रमुख कारण हैं। गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच से नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, आरसीएच अधिकारी डॉ. अमित लाल, आईडीएसपी कार्यक्रम के जिला डाटा प्रबंधक ओमप्रकाश साहू सहित विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को मिला आजीविका का सहारा

### 96 हेक्टेयर जलक्षेत्र में मछली पालन से कमा रहे 01 लाख 50 हजार रूपए

**मुंगेली( समय दर्शन )**जिले के विकासखंड लोरमी के ग्राम महरपुर की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को आजीविका का सहारा मिल गया है। समिति के सदस्यों द्वारा पट्टे पर प्राप्त भरत सागर जलाशय एवं गब्दा जलाशय में वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन कर आर्थिक रूप से सशक्तकरण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। समिति द्वारा करीब 96 हेक्टेयर जलक्षेत्र में फैले इन जलाशयों में भारतीय मेजरकार्प लोकल मछली प्रजातियों का संतुलित संवर्धन किया जा रहा है। समिति ने



विभागीय मार्गदर्शन में 100 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रतिदिवस मत्स्य बीज संचयन का लक्ष्य अपनाया, जिससे उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई।

वर्तमान में समिति को मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष लगभग 01 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है, जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। समिति के अध्यक्ष दिनेश धीवर के नेतृत्व में 40 से अधिक सदस्य संगठित रूप से कार्य कर रहे हैं। मत्स्य विभाग द्वारा सदस्यों को समय-समय पर प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। जलाशयों में 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज संचयन, नियमित निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण आहार प्रबंधन जैसे उपायों ने उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। समिति द्वारा उत्पादित मछलियों की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग है। प्रतिदिन औसतन 100 किलोग्राम मछली विक्रय कर समिति न केवल आर्थिक लाभ अर्जित कर रही है, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। इससे ग्रामीणों को गांव में ही आजीविका का स्थायी साधन उपलब्ध हुआ है।

# जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

## वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व मिशन मोड में लक्ष्य करे पूर्ण, ऋण मेला आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित - कलेक्टर

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैंकर्स को दिए सख्त निर्देश

### आधार सीडिंग, ई-केवाईसी एवं वित्तीय जागरूकता लाने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा,** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न हितग्राहीमूलक, विकास एवं रोजगारमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित बैंक अधिकारियों को योजनाओं के प्रकरणों में शत-प्रतिशत स्वीकृति और सहायता ऋण राशि के समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया है कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता के साथ कार्य करें तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने के पहले तक मिशन मोड में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को




योजनाओं का लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचे। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसे कार्यक्रम स्वरोजगार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधकों को लंबित प्रकरणों के निराकरण मे समयसीमा में पूर्ण करने व आपसी समन्वय से कार्य करने में निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा पीएम स्वनिधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, आधार सीडिंग के कार्य और ई-केवाईसी में पूर्ण करने और वित्तीय फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना, रोजगार सृजन योजना, आजीविका मिशन, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, पीएमएमवाय और पीएमस्वनिधि जैसी योजनाओं की प्रगति तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा भेजे गए प्रकरणों की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ऋण मेला आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों में अनावश्यक हितग्राहियों को परेशान न किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना से संबंधित हितग्राहियों के ऋण (लोन) प्रकरणों में किसी प्रकार की लंबित स्थिति नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और बैंकों को निर्देश दिए कि हितग्राहियों की ऋण संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, रिजर्व बैंक, लीड बैंक एवं अन्य बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

यह दिन धोंधा प्रतापपुर और संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है

# कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने धोन्धा प्रतापपुर में किया कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने आज धोन्धा प्रतापपुर में बहुप्रतीक्षित कृषि महाविद्यालय का विधिवत भूमि पूजन संपन्न किया। उनके द्वारा आज 889.53 लाख राशि से निर्मित होने वाले कृषि महाविद्यालय भवन प्रतापपुर (धोन्धा) व 602.10 लाख से निर्मित होने वाले बालक एवं कन्या छात्रावास भवन प्रतापपुर (धोन्धा) का भूमि पूजन किया गया।





इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैंकरा, जिला पंचायत सदस्य श्री लवकेश पैंकरा, क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह दिन धोंधा प्रतापपुर और संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना से किसान बंधुओं की आने वाली पीढ़ियों के लिए उच्च कृषि शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे।

मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस महाविद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती के तरीके और कृषि विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा अब उनके अपने गृह जिले में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा।

इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि महाविद्यालय की स्थापना उनके क्षेत्र के लिए एक स्वप्न के साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिए प्रयास आज सफल हुआ है जिसमें कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों एवं किसान बंधुओं से कहा कि अब उनके बच्चों को उच्च कृषि शिक्षा के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में नहीं भटकना पड़ेगा। विधायक श्रीमती पोर्ते ने यह भी कहा कि यह महाविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के कृषि विकास और युवाओं के उज्जवल भविष्य की नींव भी रखेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इस कृषि महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को कृषि विज्ञान, उद्यानिकी, पशुपालन और ग्रामीण प्रबंधन जैसे विषयों में उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। अब दूरदराज के ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा और वे अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

## कोरिया के डकईपारा में बने उजाला से सजेगी हरित होली



**रायपुर।** कोरिया जिले के जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम डकईपारा में उजाला महिला स्वसहायता समूह के कुल 11 सदस्यों ने इस बार होली पर प्राकृतिक रंगों से बाजार में खास पहचान बनाई है। महज 10 दिन पहले शुरू हुई पहल आज 100 किलो से अधिक हर्बल गुलाल के उत्पादन तक पहुंच चुकी है, और निर्माण अभी भी जारी है। कलेक्टर कोरिया के श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिहान की महिलाओं द्वारा तैयार यह हर्बल गुलाल आनलाइन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**प्राकृतिक उत्पादों से हो रहा तैयार-** प्राकृतिक रंगों की खुशबू समेटते हुए बिहान समूह ने चुकंदर, हल्दी, पलास, पालक, लाल भाजी, एसेंशियल ऑयल और नेचुरल फूड कलर से त्वचा के अनुकूल, खुशबूदार और पर्यावरण के लिए हितैषी हर्बल गुलाल तैयार किया है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के बीच यह पहल सुरक्षित और हरित होली का नया संदेश लेकर बाजार में उपलब्ध है।

**गुणवत्ता उच्च, कीमत है कम-** स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि बाजार में विक्रय के लिए इसे 300 रुपये किलो की दर पर बेचा जा रहा है। आनलाइन इस हर्बल गुलाल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। हर्बल गुलाल 300 रुपये प्रति किलो की दर से बेचते हुए मात्र दो दिनों में ही इस समूह ने 3,200 रुपये की आय अर्जित कर ली है। होली के पर्व पर बाजार की पसंद को देखते हुए मांग में और वृद्धि की उम्मीद है।

**बिहान से प्रशिक्षण-** हर्बल गुलाल तैयार करने वाले समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टाफ मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। प्रोडक्ट तैयार होने के बाद बाजार की मांग के अनुरूप् सुंदर पैकेजिंग में बिहान स्टाफने समूह का सहयोग किया। इस कार्य की शुरुआत समूह ने आंतरिक ऋष्टा लेकर की है। उनके आत्मविश्वास और उद्यमिता को बिहान की मदद से नया आयाम दिया गया है।

**कहां मिलेगा यह हर्बल गुलाल-** महिलाओं द्वारा तैयार किया गया यह गुलाल स्थानीय बाजार में जिला मुख्यालय में बैकुंठपुर नगरपालिका के पास तथा संयुक्त जिला कार्यालय के समीप स्थित कोरिया मिलेट्स कैफे के सामने स्टाल में उपलब्ध है। साथ ही इसे कोरियाअमृतडाटकाम वेबसाइट के माध्यम से भी आनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

**महिला समूहों के उत्पाद लेकर मनाएं होली-** जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत डकईपारा की महिलाओं के संकल्प, सहयोग और मेहनत से तैयार हर्बल गुलाल लेकर होली मनाने का आवाहन किया है। उन्होने कहा कि प्रत्येक कोरिया वासी स्थानीय स्तर के उत्पाद लेकर गांव की नारी शक्ति के जीवन में आत्मनिर्भरता का नया रंग भर सकते हैं।

## बस्तर की खुशबू और हर्बल रंगों से महकेगी होली

### जगदलपुर कलेक्टोरेट में सजे स्व-सहायता समूहों के विशेष स्टॉल



**रायपुर।** रंगों के महापर्व होली की आहट के साथ ही बस्तर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। इस वर्ष होली को सुरक्षित और स्थानीय हुनर के साथ यादगार बनाने के लिए जगदलपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल और फैंसी सामग्री के विक्रय हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ उपलब्ध गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो रसायनों के दुष्प्रभावों से मुक्त और त्वचा के लिए पूर्णतः सुरक्षित है। परिसर में सजे इन स्टॉल्स पर न केवल विभिन्न रंगों के सुगंधित हर्बल गुलाल मिल रहे हैं, बल्कि होली के लिए विशेष फैंसी सामग्री और बच्चों के आकर्षण के केंद्र भी उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन की इस पहल के माध्यम से जहाँ एक ओर आम नागरिकों को शुद्ध और मिलावट रहित रंगों का विकल्प मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान किया गया है। स्थानीय संसाधनों और फूलों-पत्तियों के अर्क से तैयार यह गुलाल बस्तर की माटी की खुशबू को त्यौहार के उल्लास में घोल रहा है।

प्रशासन और स्व-सहायता समूहों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों और अधिकारी-कर्मचारियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन स्टॉल्स पर पधारें। आपकी एक छोटी सी खरीदी न केवल आपकी होली को रंगों से सराबोर करेगी, बल्कि बस्तर की मेहनतकश महिलाओं के जीवन में भी आर्थिक समृद्धि और खुशियों के नए रंग भरेगी। वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सार्थक करते हुए इस बार की होली प्राकृतिक रंगों और स्थानीय प्रेम के साथ मनाने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## पान की विलुप्त होती खेती को नया जीवन, छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र की स्थापना



**रायपुर।** खैरागढ़ छुईखदान, गंडई जिले के विकासखण्ड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी, किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन के अभाव एवं आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता न होने के कारण यह परंपरागत खेती धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। पान की इस पारंपरिक फसल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की गई। यह केन्द्र रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान में स्थापित किया गया है।

पान उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शेडनेट हाउस अधोसंरचना निर्माण हेतु 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में 7 कृषकों द्वारा प्रति कृषक 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है, जिसके लिए प्रति कृषक 1.77 लाख रुपये का अनुदान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। इनमें से 6 कृषक वर्तमान में पान की खेती कर रहे हैं। इस पहल से पान उत्पादक कृषक प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी अनुकूल वातावरण में पान की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे। आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के सहयोग से जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कुकुरमुड़ा एवं बीरूटोला में भी पान की खेती का प्रदर्शन प्लॉट तैयार किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष पहल की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही, रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान के विषयवस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे जिले में पान की खेती को पुनः स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।


## घोषणा

**(फार्म -4)**

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत समय दर्शन पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| (1) प्रकाशन स्थल | : | 65/1920, परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) |
| (2) प्रकाशन क्रम | : | दैनिक |
| (3) मुद्रक | : | रोहित खड़तकर |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एलआईजी-387, पद्मनाभपुर,दुर्ग |
| (4) प्रकाशक | : | रोहित खड़तकर |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एलआईजी-387, पद्मनाभपुर,दुर्ग |
| (5) संपादक | : | दामोदर राव |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | कैलाश पुरी चौक, रायपुर |
| (6) पत्र का स्वामित्व भागीदार अथवा अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | नहीं |
| नागरिकता | : | नहीं |
| पता | : | नहीं |

मैं रोहित खड़तकर घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

रोहित खड़तकर
मुद्रक/ स्वामी
प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक : 03 मार्च 2026


## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मानित



**रायपुर।** रायपुर कमिश्नरेट में विगत एक माह के दौरान संपादित कार्यों की समीक्षा पुलिस कमिश्नर महोदय डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन में की गई। समीक्षा के उपरांत विभिन्न प्रकरणों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिनांक 28.02.2026 को सम्मानित किया गया। समीक्षा अवधि में ई-चालान, अपहरण, चोरी, नकबजनी, नारकोटिक एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों की धरपकड़ एवं अपराध नियंत्रण सहित अन्य मामलों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 02 निरीक्षक, 01 सहायक उपनिरीक्षक, 06 प्रधान आरक्षक, 15 आरक्षक एवं 02 महिला आरक्षक कुल 26 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों में - निरीक्षक भुनेश्वर साहू, यातायात निरीक्षक विशाल कुजूर, यातायात सउनि. नीलकमल त्रिपाठी, रक्षित केन्द्र प्रआर. 1236 नोहर देशमुख, थाना आजाद चौक प्रआर. 730 सुनील सिलवाल, ए.सी.सी.यू प्रआर. 1058 देवेन्द्र सिंह, डीएसबी प्रआर. 1562 राजेश तिवारी, डीएसबी प्रआर. 234 लाल कृष्ण शर्मा, रक्षित केन्द्र प्रआर. 1789 रामनारायण पटेल, थाना तेलीबांधा आर. 2571 मोहसिन खान, थाना कबीर नगर आर. 977 दीपक ठाकुर, थाना कबीर नगर आर. 1648 आशीष शुक्ला, थाना आमानाका आर. 2266 विजय बंजारे, ए.सी.सी.यू. आर. 278 मुनीर रजा, ए.सी.सी.यू आर. 2531 बोधेन्द्र मिश्रा, ए.सी.सी.यू आर. 1931 घनश्याम तिवारी, थाना गुढियारी आर. 2576 सुदीप मिश्रा, थाना गुढियारी आर. 160 रविशंकर तिवारी, थाना गुढियारी आर. 2710 संदीप सिंह, थाना पण्डरी आर. 1150 समारू सिंह, थाना पण्डरी आर. 700 अखिलेश कुमार साहू, रक्षित केन्द्र आर. 1196 सुरेन्द्र देवांगन, थाना गंज आर. 445 शिवराज बघेल, थाना कोतवाली आर. 1920 सुनील चंदेल, थाना सिविल लाईन म.आर. 1756 मनीषा पाल, यातायात म.आर. 2072 सारिका देवांगन, यातायात पुलिस कमिश्नर महोदय डॉ. संजीव शुक्ला ने सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्टता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित तुकाराम कांबले, पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) श्री मयंक गुर्जर, पुलिस उपायुक्त (क्राइम एंड साइबर) श्री स्मृतिक राजनाला, पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) श्री संदीप कुमार पटेल, पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री विकास कुमार तथा रायपुर कमिश्नरेट के अन्य पुलिस राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### नकली सिक्का व हार देकर मां-बेटा ने किया ढाई लाख ठगी

**रायपुर।** कलर्स मॉल पचपेड़ी नाका में मां-बेटा ने नकली सिक्का व हार देकर ढाई लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कानस्कर 55 वर्ष अवंति विहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का कलर्स मॉल पचपेड़ी नाका में शॉप है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजेश प्रजापति अपनी मां के साथ प्रार्थी के शॉप में आया और नकली सिक्का व हार देकर ढाई लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग से 1 लाख 96 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** हरदेवलाला मंदिर के पास टिकरापारा में अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग से 1 लाख 96 हजार रुपए ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भोलाराम मरकाम 74 वर्ष हरदेव लाला मंदिर के पास टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के बैंक खाता से बिना जानकारी दिए उसके 9 खाते से 1 लाख 96 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध संबंध में रोड़ा बने पति की हत्या, पत्नी ने प्रेमी संग रची साजिश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के खरोरा क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ मिलकर पति की साजिशन हत्या कर दी। आरोपियों ने घटना को सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस जांच में पूरा मामला उजागर हो गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को भागवत सारथी ने थाना खरोरा में सूचना दी कि उसके छोटे भाई किशोर सारथी का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी का लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक युवक से अवैध संबंध था। इस संबंध की जानकारी मिलने के बाद पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होता था। पुलिस के मुताबिक, इसी विवाद से परेशान होकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई। साजिश के तहत पत्नी ने किशोर को बहन को लाने के बहाने गांव भेजा, जहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने थार वाहन से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल होने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले को हत्या का रूप मानते हुए संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

### रायपुर में 'मुंज्या' थीम की होलिका बनी आकर्षण का केंद्र, बाजारों में होली की रौनक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रंगों के त्योहार होली को लेकर उत्साह चरम पर है। शहर के बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियों और सजावटी सामान की खरीदारी तेज हो गई है, वहीं होलिका दहन की तैयारियां भी जोरों पर हैं। इस बार शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलग-अलग थीम पर होलिका की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इसी क्रम में कालीबाड़ी चौक पर हॉरर फिल्म 'मुंज्या' की थीम पर बनाई गई होलिका प्रतिमा खास चर्चा में है। इस अनोखी प्रतिमा में फिल्म के लोकप्रिय किरदारों की झलक भी दिखाई दे रही है, जिससे यह लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बन गई है। मूर्तिकार राकेश पुजारी ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से विभिन्न थीम पर प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इस वर्ष 'मुंज्या' फिल्म की लोकप्रियता को देखते हुए इसी थीम पर होलिका प्रतिमा बनाई गई है, जिसमें होलिका माता के साथ प्रह्लाद का स्वरूप भी दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक राजधानी में 20 से अधिक प्रतिमाएं बेची जा चुकी हैं। इस बार शहर में अलग-अलग थीम पर बनी कई आकर्षक होलिका प्रतिमाएं देखने को मिलेंगी, जो त्योहार की रौनक को और बढ़ा रही हैं।

### शीतला तालाब पार में देशी दारू का काला धंधा बेनकाब

**रायपुर।** राजधानी में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला समेत दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला थाना उरला क्षेत्र के बीरगांव स्थित शीतला तालाब पार का है, जहां लंबे समय से अवैध रूप से देशी शराब बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। 28 फरवरी 2026 को थाना उरला पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला और एक पुरुष इलाके में अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) मयंक गुर्जर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध महिला और पुरुष को चिन्हित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सरिता उईके और पुरुष ने योगेश बंजारे, निवासी उरला रायपुर बताया। जब पुलिस ने उनके पास रखी बोरी की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में देशी शराब बरामद हुई। शराब रखने और बेचने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर दोनों कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 72 पौवा देशी शराब और बिक्री की नगद 500 रुपये, कुल कीमत लगभग 7,700 रुपये जब्त किए। आरोपियों के खिलाफथाना उरला में अपराध क्रमांक 62/26 के तहत आबकारी एक्ट की धारा 34(2) में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

रायपुर पुलिस का कहना है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### एआई बुलबुला फूटा


लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई-टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नजरिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती-जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई-कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नजरिए पर केंद्रित है। इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च-गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्जरी प्रोडक्ट रहेगा। मगर चीनी के ओपन-सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई-टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नजरिया एआई के मामले मे अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चैट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा। अभी जबकि नई दिल्ली में एआई समिट में तमाम तरह की बातें हो रही हैं, इस बुनियादी पहलू को याद रखना बेहद जरूरी है।

### भारत इजराइल के बीच हुए 16 समझौते

25 फरवरी को इजराइल के दो दिन के दौरे पर पीएम मोदी गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजराइल दौरा मुकम्मल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल के दौरे को आप भारत और इजराइलके रिश्तों का स्पेशल 27 भी कह सकते हैं क्योंकि करीब-करीब 27 घंटे का प्रधानमंत्री मोदी का ये इजराइल का दौरा था। 16 समझौते हुए हैं। 11 बड़े ऐलान हुए हैं। कुल 27 बाईलेटरल आउटकम्स। रिश्ते को नया नाम मिला है। स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को अब स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप कहा जाएगा। लेकिन इन सब भारीभरकम शब्दों का मतलब क्या है? इस दौरे की पूरी बैलेंस शीट क्या कहती है? भारत और इस्राइल मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) को जल्द अंतिम रूप देंगे। रक्षा क्षेत्र में साझा डिवेलपमेंट, प्रॉडक्शन और टेक्नॉलजी ट्रांसफर पर काम करेंगे। संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देंगे। भारत का छ्व पेमेंट सिस्टम इस्राइल में भी चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बैठक में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार,छ्व, तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में ऐसे 16 समझौतों और सहमति पत्रों पर मुहर लगी। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता से भारत के हित जुड़े हैं। हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहे है और आगे भी करते रहेंगे। भारत मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (छ्वस्रश्वष्ट) और छ्व22 (भारत-इस्राइल यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल ने क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी पर साझेदारी क्वांटम और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस में भी सहयोग बढ़ाएंगे। दोनों देशों की बातचीत में तकनीक फोकस में रही, इसमें साइबर सेक्योरिटी, इनोवेशन और एआई, रिसर्च और स्टार्ट अप शामिल है। विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने का फैसला लिया गया। इससे इस क्षेत्र में समन्वय में मदद मिलेगी।भारत में इस्त्राइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेस को विस्तार देकर 100 करने पर फैसला। भारत में भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना होगी।दोनों प्रधानमंत्रियों ने ईरान और अमेरिका के मौजूदा तनाव को लेकर बातचीत की। शांति से बातचीत पर जोर दिया। कहा, गाजा के पुनर्निमाण में भी भूमिका देख रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान इस्त्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-इस्त्राइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इस्राइल के राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता भी दिया।भारत और इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर दूसरे दौर की बातचीत मई में करेंगे। यह वार्ता इस्त्राइल में होगी। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार से शुरू हुआ वार्ता का पहला दौर गुरुवार को पूरा हुआ।

# सत्र समाप्त होने के साथ ही चर्चाएं भी समाप्त

**अजीत द्विवेदी**



संसद के बजट सत्र में ब्रेक चल रहा है। सत्र का दूसरा हिस्सा नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला हिस्सा बहुत हंगामे वाला रहा। वैसे तो हर सत्र ही हंगामे वाला होता है लेकिन इस बार कुछ अनोखी चीजें हुईं। जैसे स्पीकर ने प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई एक अधूरी चर्चा का जवाब देने लोकसभा में नहीं आएं क्योंकि कुछ 'अप्रत्याशित' घट सकता है। प्रधानमंत्री मान भी गए। पहली बार ऐसा हुआ। ऐसे ही पहली बार हुआ कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और बदले में विपक्ष ने प्रधानमंत्री को नहीं बोलने दिया। पहली बार विपक्ष की महिला सांसदों से प्रधानमंत्री को खतरा होने की बात हुई। पहली बार नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन पेश किया गया। पूर्व प्रधानमंत्रियों की नीतियों की आलोचना तो पहले भी होती थी लेकिन इस बार की नई गिरावट यह थी कि पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी या उनके ऊपर लिखी गई किताबों में से यहां वहां के उद्धरण छांट कर उनको 'गद्दार', 'अय्याश' आदि सदन के अंदर कहा गया। पहली बार ऐसा हुआ कि संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्षी सांसदों पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के चैम्बर में जाकर गाली गलौज की। करीब चार दशक बाद पहली बार स्पीकर के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। यह सब कुछ दो से 13 फरवरी के बीच हुआ।

यह 12 दिन का समय राहुल गांधी की राजनीति के लिए बहुत अच्छा रहा। वे इस 12 दिन की राजनीति के केंद्र में रहे। दो फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनके भाषण देने से विवाद शुरू हुआ और उनके खिलाफ मोशन लाए जाने के बाद सदन की कार्यवाही आठ मार्च तक स्थगित हुई। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संधि हुई और सत्र के बीच अमेरिका के साथ संधि की घोषणा हुई। इसी बीच एपस्टीन फाइल्स के पन्ने खुले, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और एक कारोबारी के एपस्टीन से संपर्कों की कहानियां आईं। इन तमाम घटनाओं ने राहुल गांधी को मौका दिया कि वे केंद्र सरकार पर हमलावर रहें। कुछ अंतरराष्ट्रीय हालात और कुछ राहुल गांधी के तेवर से सरकार बैकफुट पर रही। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री तक बचाव की मुद्रा में दिखे। राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाना भी घबराहट का ही संकेत है। सोशल मीडिया में नैरेटिव है कि राहुल ने कमाल कर दिया।

इस पूरे घटनाक्रम से राहुल का आत्मविश्वास भी बढ़ा, जिसमें उन्होंने दो बड़ी गलतियां कीं। आत्मविश्वास और अति उत्साह में उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर अपने एक साथी सांसद और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार दोस्त' कहा। यह राहुल गांधी की अपनी छवि के बिल्कुल उलट बात थी। दूसरी गलती उन्होंने यह कर दी कि दो केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रहलाद जोशी की मीडिया से बातचीत के बीच में घुस गए और बोलने लगे। उन्होंने प्रहलाद जोशी का हाथ पकड़ कर उनको रोकने का प्रयास भी किया। इन दोनों घटनाओं को कांग्रेस इकोसिस्टम के लोगों ने खूब प्रचारित किया। उन्होंने इसे ऐसे प्रस्तुत किया, जैसे राहुल के डर से दो मंत्री भाग गए और राहुल ने ठीक किया, जो कांग्रेस छोड़ने वाले बिट्टू को गद्दार कहा। लेकिन ये दोनों घटनाएं सामान्य संसदीय आचरण के अनुरूप नहीं हैं।

बहरहाल, संसद के बजट सत्र में राहुल गांधी चर्चा के केंद्र में रहे। वे एजेंडा सेट करते रहे, जिस पर सरकार जवाब देती रही और बैकफुट पर रही। लेकिन यह पहला सत्र नहीं है, जिसमें राहुल ने महफिल लूटने वाला काम किया है। इससे पहले भी डोकलाम का घटनाक्रम हो या हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट हो, हर बार सत्र में राहुल गांधी हीरो होते हैं। वे अच्छे और लंबे भाषण करते हैं और संसद के पूरे सत्र का एजेंडा सेट कर देते हैं। लेकिन क्या संसद सत्र के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली राजनीति चुनाव के मैदान में कांग्रेस को लाभ पहुंचाती है? क्या संसद में वे जो राजनीति करते हैं उससे कांग्रेस संगठन को ताकत मिलती है? यह सही है कि इससे राहुल गांधी की साहसी और निर्भीक नेता की छवि को मजबूती मिलती है और कांग्रेस की चर्चा होती है। लेकिन सत्र समाप्त होने के साथ ही ये चर्चाएं भी समाप्त हो जाती हैं। राहुल गांधी को यह ध्यान रखने की जरुरत है कि राजनीति बिट्स एंड पैचेज में होने वाली चीज नहीं है। संसद सत्र में उनके उठाए मुद्दों से जो माहौल बनता है उसे जनता के बीच ले जाना होता है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की जरुरत होती है ताकि मुद्दों पर जमीनी स्तर पर राजनीति हो सके। अफसोस की बात है कि राहुल गांधी यह काम नहीं कर पाते हैं। उन्होंने सत्र के बीच एक दिन किसान बन कर मनरेगा बचाओ आंदोलन में हिस्सा लिया लेकिन 45 दिन का कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान कब शुरू हुआ और कब समाप्त हो गया, यह न तो जमीनी स्तर पर दिखा और न दिल्ली में दिखा।

संसद का मौजूदा बजट सत्र चल रहा होगा उसी बीच पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की घोषणा होगी। अप्रैल में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव होना है। इन पांच राज्यों में पिछले छह महीने में राहुल गांधी सिर्फ एक बार तमिलनाडु और संभवतः एक या दो बार केरल गए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा भी सिर्फ केरल गई हैं क्योंकि वे वहां की वायनाड सीट से सांसद हैं। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के पहले डेढ़ महीने में दो-दो बार पश्चिम बंगाल और असम जा चुके हैं और एक-एक बार तमिलनाडु और केरल का दौरा कर चुके हैं। अमित शाह इन पांचों राज्यों का कम से कम एक-एक दौरा कर चुके हैं। बजट सत्र में ब्रेक होने के साथ ही प्रधानमंत्री असम के दौरे पर गए और अमित शाह पुडुचेरी पहुंचे। इसी हफ्ते अमित शाह असम जाने वाले हैं। एक महीने में यह उनका दूसरा दौरा होगा। लेकिन राहुल और प्रियंका के मोर्चे पर अचानक शांति छा गई। राहुल ने सोशल मीडिया में जरूर अमेरिका और भारत की व्यापार संधि को लेकर पोस्ट किए। लेकिन कांग्रेस की ओर से व्यापार संधि, किसानों के मुद्दे, मनरेगा बचाने आदि के मोर्चे पर कोई राजनीतिक अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

क्या इस समय राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा व्यापार संधि से किसानों को होने वाले नुकसान की जो बात सोशल मीडिया में लिख रहे हैं या मीडिया के सामने बोल रहे थे उन बातों को लेकर जनता के बीच नहीं जाना चाहिए? क्या इस समय इन दोनों को चुनावी राज्यों के तूफानी दौरे पर होना चाहिए? ध्यान रहे दोनों के पास कोई और काम नहीं है। दोनों फुल टाइम नेता हैं। ये दोनों ही चेहरे हैं, जिनको मोदी और शाह के खिलाफ लड़ना है। मोदी और शाह को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के तौर पर भी काम करना है लेकिन दोनों राजनीतिक काम के लिए जितनी मेहनत कर रहे हैं राहुल और प्रियंका उसका 10 प्रतिशत भी नहीं कर रहे हैं। सवाल है कि दोनों अपने को किस समय के लिए बचा रहे हैं? संसद की राजनीति से राहुल को जो बढ़त मिलती है उसको चुनावी राज्यों में जाकर इस्तेमाल करें और जमीन की राजनीति करें तभी उसका कोई अर्थ होगा। अन्यथा पहले की तरह वे संसद की राजनीति में और सोशल मीडिया में हीरो बनते रहेंगे और भाजपा चुनाव जीतती रहेगी।

# बजट में सबको कुछ न कुछ देने का प्रयास

**सुनील दास**

परिवार का बजट हो या सरकार का बजट हो। उसमें प्रयास तो यही किया जाता है कि सबको कुछ न कुछ देकर खुश किया जाए ताकि कोई शिकायत न करे कि हमारे को कुछ नहीं मिला। ज्यादातर लोग बजट को इसी नजरिए से देखते हैं कि हमारे को क्या मिला। हर वर्ग चाहता है कि उसे बजट में पहले से ज्यादा मिले। वह पहले ज्यादा सुविधाएं चाहता है और बेहतर लाभप्रद योजनाएं चाहता है।साय सरकार के बजट में ऐसा किया गया है।कई लोग बजट में देखते हैं कि सरकार ने नया क्या किया है, नई कौन सी योजना लेकर आई है।अच्छा बजट वह माना जाता है जिससे राज्य के ज्यादा से ज्यादा से लोगों को फायदा मिले और राज्य में विकास की गति तेज बनी रहेलोगों को रोजगार मिले, लोगों की आय हर साल बढ़े।

छत्तीसगढ़ के तीनों बजट कई मायनों में परंपरागत बजट से अलग दिखाई देते है तो इसकी एक वजह राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी है। हर बार उनकी बजट की थीम अलग होता है।यह राज्य का तीसरा बजट है इससे पहले के दो बजट ज्ञान व गति की थीम पर बनाए गए थे,तीसरा बजट संकल्प की थीम पर बनाया गया है।संकल्प का मतलब है एस से समावेशी विकास यानी विकास का लाभ सभी समुदायों और सभी क्षेत्रों तक पहुंचे, ए से अधोसंरचना यानी राज्य के आर्थक विकास के लिए सड़क,सिंचाई,बिजली, शहरी विकास व डिजिटली कनेक्टिविटी का विस्तार करना।एन से निवेश यानी औद्योगिक विकास के लिए राज्यमें अनुकूल माहौल बनाना ताकि रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें।के से कुशल मानव संसाधन यानी शिक्षा और कौशल से युवाओं को नए उभरते हुए क्षेत्रों के लिए तैयार करना।ए से अंत्योदय यानी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी जरूरी सेवाएं पहुंचाना,एल से लाइवलीहुड यानी कृषि,हस्तशिल्प व ग्रामीण उद्यमों को आधुनिक बनाना। पी यानी पालिसी से परिणाम तक यानी नीतियों के वास्तविक सकारात्मक प्रभाव तय करना।संक्षेप में संकल्प थीम यानी छत्तीसगढ़ को हर तरह से विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। साय सरकार के बजट में 17 पुरानी योजनाओं का लाभ तो लोगों को मिलता रहेगा। उसके लिए पर्याप्त पैसा दिया गया है। इसी के साथ साय सरकार के बजट में नई योजनाएं है,सीएम आदर्श शहर समृध्दि योजना, द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना,छग वायु योजना,आस्था पथ योजना,युवा दर्शन योजना,छग एसीई योजना,रानी दुर्गावती योजना,विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना,सीएम शिक्षा सहयोग योजना,लखपति दीदी भ्रमण योजना।बजट में ज्यादातर विभागों को पहले से ज्यादा बजट दिया गया है। जैसे महिला एवं बालविकास,उद्योग व्यापार,उच्च शिक्षा,इलेक्ट्रानिक्स व आईटी,परिवहन,खेल एवं युवा कल्याण,जनसंपर्क, पशु पालन,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, को पहले से ज्यादा बजट मिला है, वहीं लोक निर्माण विभाग व जल संसाधन को पहले से कम बजट मिला है। आंकड़ों के मुताबिक रुपया सबसे ज्यादा बजट में जनता के कल्याण में 40 प्रतिशत,36 प्रतिशत विकास व रोजगार में तथा 24 प्रतिशत सरकार चलाने में। इस तरह देखा जाए तो सरकार ज्यादा से ज्यादा पैसा जनता के कल्याण में खर्च करना चाहती है। हर सरकार बजट में पैसा तय करती है और वह खर्च भी होता है लेकिन खर्च होने से क्या लाभ हुआ इसका पता भी खर्च होने के बाद चलना चाहिए।समग्र शिक्षा मिशन के तहत 2014 से वोकेशनल कोर्स पर पैसा खर्च किया जा रहा है।1.75 लाख छात्र पास हुए है लेकिन कितनों छात्रों का काम मिला। इसका कोई आंकड़ा नहीं है। यानी बजट में पैसा था, खर्च हुआ यह भी पता रहना चाहिए कि लाभ हुआ तो कितना लाभ हुआ।ऐसे पैसा खर्च करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है कि यही पता न रहे कि लाभ क्या हुआ। रायपुर शहर में पार्किंग के लिए तीन जगह 57 करोड़ रुपए खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाए गए लेकिन वहां लोग गाड़ियां खड़ी नहीं करते हैं तो पैसा खर्च करने का क्या मतलब रह गया। लोग अपनी गाडियां सड़क पर ही खडी़ करते हैं। करोड़ो रुपए खर्च कर शहर को सुंदर बनाने फव्वारे कई जगह लगाए गए वह बंद पड़े हैं। चौपाटी करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया उसे हटा दिया गया। इसी तरह सरकारी पैसा बडी़ लापरवाही से खर्च कर दिया जाता है और उसका लाभ लोगों को मिलता नहीं है। बजट मे लोगों को यह देखकर तो अच्छा लगता है कि सरकार उसके और राज्य की बेहतरी के लिए क्या कुछ करना चाहती है। सरकार तो बेहतर से बेहतर सुविधाएं लोगों को देना चाहती है,योजनाओं का लाभ देना चाहती है लेकिन सरकारी तंत्र में नीचे से ऊपर तक फैले भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण न तो लोगों को सुविधाएं मिल पाती है और न योजनाओ का पूरा लाभ मिल पाता है। पैसा तो बजट का खर्च हो जाता है लेकिन उसका लाभ लोगों को कितना मिला इसका पता लोगों को चलता नहीं है। तंत्र के भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण बजट का हजारों करोड़ रुपए जो राज्य हित व जनहित में खर्च होना चाहिए नहीं होता है, वह भ्रष्ट लोगों की जेब में चला जाता है। बजट का पूरा लाभ लोगों को मिले इसके लिए साय सरकार को हर स्तर पर मानिटरिंग की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि सरकारी पैसे का सदुपयोग हो।पैसा खर्च हो उसका लाभ भी लोगों को मिलते दिखना चाहिए।

# भयाकुल जीवन झूठ की कोयला खदानों में सांस ले रहा

**हरिशंकर व्यास**

देश इन दिनों सत्य-शोध की कोयला खदान है, जिससे यदा-कदा निकले चमकीले कण दिमाग़ और बुद्धि को खदबदा देते हैं। हाल में रक्षा बजट में एक लाख करोड़ रु. से अधिक बढ़ोतरी की खबर थी। भारत 2026-27 में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदेगा। ऐसे ही यूरोपीय संघ के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से व्यापार समझौते की सुर्ख़ी है। मतलब जहाँ सैन्य क्षमताओं में बढ़ोतरी का क़दम, वहीं भारत की आर्थिकी का खुलना। कभी मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यम ने लिखा है कि अब भारत विश्व की सर्वाधिक खुली आर्थिकी होने के क़गार पर है! बहुत अच्छा। पर ये फ़ैसले भारत की मजबूरी से हैं या ठोस संकल्प से हैं?

आख़िर चीन से हारने के बाद सैन्य ताक़त का विस्तार तो नेहरू के समय में ही शुरू हो गया था। फिर लालबहादुर शास्त्री ने मुंबई में ट्रॉम्बे में एटमी भट्टी का शिलान्यास किया। इंदिरा गांधी ने परमाणु परीक्षण कराया। नरसिंह राव ने परमाणु बम-मिसाइलें बनवाईं, तो वाजपेयी ने बिना आगे-पीछे सोचे पोखरण में पाँच परीक्षण कर दुनिया को बताया— आज बुद्ध पूर्णिमा है!

ऐसे ही नरसिंह राव ने आर्थिकी खोली। मनमोहन सिंह ने उससे भूमंडलीकरण साधा, तो ट्रंप के झटकों के बाद भारत अब उनकी शर्तों पर व्यापार समझौता किए हुए है। सर्वाधिक खुली आर्थिकी के जुमले बन रहे हैं, तो स्वाभाविक सवाल है—खुलने से हम बाज़ार बनेंगे या समर्थ, आत्मनिर्भर होंगे या आश्रित ? यह मानना तो मूर्खता ही होगी जो सोचे कि चीन डरकर लद्दाख, अरुणाचल से निगाह हटा लेगा या पाकिस्तान की कश्मीर से नज़र हट जाएगी। हक़ीक़त है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक सैन्य जगत में भारत की जो किरकिरी हुई, उसने मोदी सरकार को सैन्य ख़र्च बढ़ाने के लिए मजबूर किया है।

ऐसे ही अमेरिका और यूरोप के साथ व्यापार करार भी भयाकुल मनोदशा में हैं।

यही कलियुगी हिंदुओं का वह इतिहासजनित डीएनए है, चरित्र है, जिसमें मुझे कोयला खदान का बिंब झलकता है! कोई तीन दशक पहले मैंने झारखंड घूमते हुए कोयला खान के मुहाने के घने काले परिवेश में काली धूल में लथपथ जीवन महसूस किया था। मिट्टी, मज़दूरी, झोपड़ियाँ, मज़दूर (आदिवासी बहुल), इन्फ़्रास्ट्रक्चर—सब काली धूल में लथपथ। मानो शनि का घर। फिर घूमते-घूमते कोल इंडिया, स्टील इंडिया के सरकारी प्रतिष्ठान, बोकारो का स्टील प्लांट देखा-समझा, तो दिमाग़ बुरी तरह खदबदाया। मेरी इस सोच को बल मिला कि नेहरू के समाजवाद, लाइसेंस-कोटा-परमिट और अंग्रेज़ विरासत ने सब गुड़गोबर किया है।

अर्थात मुस्लिम-मुग़ल लुटेरों-शासकों से जहां हिंदुस्तान खेतीहर पैदावार, हस्तशिल्प की उत्पादकता-व्यापार में लुटा तो अंग्रेज़ हुक्मरानों ने लगान-लूट के अलावा खदानों-कच्चेमाल (माइनिंग), व्यापार (मर्केंटाइल)—यानी कोयले की दलाली—के काले हाथों में हिंदुस्तानियों को रंगा। लुटेरे जगतसेठ पैदा किए। वही दिशा स्वतंत्रता के बाद, प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू से बनी। उन्होंने पुराने अंग्रेज़ मॉडल की विरासत की नींव पर 'आइडिया ऑफ़ इंडिया' गढ़ा। ऐसा समाजवाद अपनाया, जो सत्ता द्वारा, सत्ता के ख़ातिर, सत्ता की लूट का तंत्र विकसित करने वाला था। नतीजतन भारत के लोग पावरफुल 'नागरिक' बनने की बजाय और अधिक हुकूम के बंधुआ, क़ानूनों में बंधे, माई-बाप सरकार पर आश्रित हुए। नौकरशाही ने समाजवाद के नाम पर आर्थिकी को माइनिंग-मर्केंटाइल के ढाँचे वाली कोयला खान को पुनर्गठित किया!

समय कुछ बदला। सो बुद्धिमान पी. वी. नरसिंह राव की मौन बहादुरी से भारत ने ताज़ा हवा पाई। डॉ. मनमोहन सिंह की दृष्टि, विद्वत्ता से वैश्विक राजधानियों में भारत का मान बना। पर हम हिंदुओं का इतिहास तो भयाकुल क़ौम का है। समर्पण—भूख—भय—भक्ति का है। वह कैसे मिटता? मेरा लिखना इमरजेंसी के समय 1976 से शुरू हुआ है। तब वैश्विक विषयों (सोवियत संघ, शीतयुद्ध, अफ़ग़ानिस्तान आदि) पर लिखता था, तो साम्यवाद, समाजवाद, गरीबी हटाओ, 20 सूत्री कार्यक्रमों से भारत समझ आता था। पूरा ठीकरा नेहरू के आइडिया, समाजवाद, गिरगिटी नौकरशाही की कोयला खदान पर केद्रीत हुआ। तब भी ज़ाहिर था कि हिंदुओं का वह भक्ति काल है, जो हज़ार साल की ग़ुलामी से पैदा कायरता का बाय-प्रोडक्ट है। इसलिए मेरे लिए 1977 में कांग्रेस की हार और इंदिरा गांधी की जगह निर्भीकता का मंत्र देने वाले मोरारजी देसाई का शपथ लेना मानो क्रांति के क्षण थे। पर उन्होने भी नेहरू के आइडिया ऑफ़ इंडिया के ढाँचे को नहीं समेटा। उलटे सदियों से सत्ता के लिए फड़फड़ाती क़ौम के नए प्रतिनिधि भुख्खड़ों में घमासान बना। पहले समाजवादी, फिर कम्युनिस्ट नेताओं की वह तोड़फोड़, वह आचरण प्रकट हुआ, जिसमें आयाराम-गयाराम भी हुआ; तो बाँटो और राज करो की मंडल राजनीति, फिर संघ-आडवाणी की कमंडल राजनीति भी खिली। चुपचाप भगवा रंग चढ़ने लगा।

बीच में जरूर नरसिंह राव ने अफ़सरों (शासन) की दख़ल घटाई, भारत खुला; पर सत्ता की भूख, हड़बड़ी (जैसे 1947 से पहले नेहरू-गांधी की थी) भी खुली। मंडल-कमंडल के वे नेता ज़मीनी हल्ला बनाते हुए थे, जिससे देश ने चीन के साथ-साथ उठने के अवसर गँवाए। कम्युनिस्ट सुरजीत-प्रकाश करात, लालू, रामविलास आदि प्रगतिशीलता, सामाजिक न्याय के हवाले अपने ही समर्थ से बनाई मनमोहन सिंह सरकार की नाक में भी दम किया।

कुल मिलाकर आर्थिकी खुली, तब भी देश चीन की तरह फ़ायदा नहीं उठा पाया। हाँ, नारायणमूर्ति जैसे कुछ नए उद्यमियों की बदौलत भारत ज़रूर आईटी क्षेत्र में दुनिया का बैकऑफ़िस, आईटी-कुलियों का सप्लायर देश बना। मेरा मानना है कि ग़ुलामी के इतिहासजन्य डीएनए से हम हिंदू बुद्धि-बल से ज्ञान-विज्ञान-शोध-तकनीक-लेखन में कुछ भी मौलिक रचने में समर्थ नहीं हैं। हमें केवल जुगाड़ आता है। समय रीपिट होता रहता है। अंग्रेज़ों के समय गन्ना पैदा करने वाले किसान विदेश (फ़िजी, मॉरिशस, सूरीनाम आदि) गए। वैसे ही नए मिलेनियम में भारत का योगदान खाड़ी देशों में मज़दूर सप्लाई तथा आईटी-कर्मियों की दुनिया की सेवा था। उसी से अमेरिका, पश्चिमी देशों में भारतीयों का जाना हुआ।

सोचे, प्रवासियों ने जो कमाया, वह किसमें जाया हुआ? केरल के मलयाली परिवार की प्रवासी कमाई हो या पूर्वी यूपी के खाड़ी देशों में गए मज़दूरों की कमाई, या बेंगलुरु के आईटी हब में उत्तर भारत की काम कर रही श्रमशक्ति, या बिहार से देश भर में फैले मज़दूरों की कमाई—इससे देश की शक्ल दो तरह से बदली है। 2010 के बाद का कथित भारत-विकास या तो खपत-बाज़ार बढ़ाने का चक्र लिए हुए है, या टैक्स, जीएसटी से सरकार की फ़िज़ूलख़र्ची (वेतन आयोगों, लुटियन दिल्ली में इमारतें बनाने, इन्फ़्रास्ट्रक्चर, फिर उन्हें क्रोनी पूँजीपतियों को बाँट देना) का वह दुष्चक्र है, जिसके झाँसे, ललक ने घर-परिवारों, नौजवान दंपत्तियों, मध्यवर्ग, निम्न वर्ग, किसान—सभी को क़र्ज़ में जीने का आदी बना दिया है। सोचे, कभी भारत का ग़रीब बचत के रिकॉर्ड बनाता था और अब हर कोई क़र्ज़ों में डूबा है, ख़ैरात पर ज़िंदा है। देश में संतुष्ट, स्वपोषक, आत्मनिर्भर केवल वही आबादी है, जो कोयले की खान की काली कमाई, दलाली से हराम का जीवन जी रहे हैं!



# असली और नकली गुलाल की पहचान कैसे करें

होली के त्योहार की पहचान उसके रंग और मौज मस्ती होती है। रंग-बिरंगे कलर्स से नहाए मुस्कुराते चेहरे त्योहार की रौनक को दोगुना कर देते हैं। होली का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन में प्रेम, एकता, और सकारात्मकता को बढ़ावा देने का समय है। यह समय होता है जब हम अपने पुराने तनावों को त्याग कर एक नई शुरुआत करते हैं और समाज में खुशियां फैलाते हैं। होलिका दहन वह समय होता है जब लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई की विजय का जश्न मनाते हैं। लेकिन होली की मस्ती और रंगों के बीच हर साल मिलावट का जहर घोल दिया जाता है। बाजार में 'हर्बल' रंगों के नाम पर धड़ल्ले से बिकने वाले केमिकल युक्त गुलाल आपकी त्वचा और आंखों के लिए किसी खतरे से कम नहीं हैं। थोड़े से फायदे के लिए मुनफाखोर आपकी सेहत से खिलवाड़ कर देते हैं। केमिकल वाले रंगों के पैकेट पर 'हर्बल' रंग का ठप्पा लगाकर धड़ल्ले से बेच दिया जाता है। जिसका नतीजा अगले दिन अखबार की सुर्खियों में दिखता है। ऐसे में इस नुकसान से बचने और सेहत को अच्छा बनाए रखने के लिए आइए जानते हैं कैसे करें असली और नकली होली के गुलाल की पहचान।

## असली और नकली गुलाल की पहचान कैसे करें

### 1. चमक और बनावट

**नकली गुलाल-** अगर गुलाल में चमकीले कण (Mica या कांच का पाउडर) दिखाई दें, तो समझ लें कि यह पूरी तरह केमिकल युक्त है। असली हर्बल गुलाल कभी नहीं चमकता।

**असली-** प्राकृतिक गुलाल दिखने में थोड़ा 'मैट' (Matte) जैसा होता है और हाथ लगाने पर आटे या टैलकम पाउडर जैसा महीन महसूस होता है।

### 2. खुशबू से पहचान

**नकली-** नकली गुलाल में तेज स्पिरिट्स, एसिड या बहुत स्ट्रॉन्ग परफ्यूम जैसी गंध आती है, जो नाक में चुभती है।

**असली-** हर्बल गुलाल में फूलों, जड़ी-बूटियों या चंदन की हल्की और सोंधी खुशबू आती है। लेकिन अगर यही खुशबू बहुत तेज है, तो सावधान हो जाएं।

### 3. पानी वाला टेस्ट

**नकली-** खरीदे हुए गुलाल को थोड़े से पानी में घोलें। अगर वह पानी में पूरी तरह नहीं घुलता, नीचे बैठ जाता है या पानी पर तेल जैसी परत छोड़ता है, तो वह मिलावटी है।

**असली-** असली हर्बल गुलाल पानी में आसानी से घुल जाता है और पारदर्शी रंग बनाता है।

### 4. रगड़कर चेक करें

**नकली-** अगर गुलाल नकली है तो इसे सूखी त्वचा पर रगड़ने से हल्की जलन या खुजली महसूस हो सकती है। साथ ही, यह साबुन से धोने के बाद भी त्वचा पर गहरा दाग छोड़ देता है।

**असली-** हर्बल गुलाल लगाने पर त्वचा पर कोई जलन नहीं होती और यह सिर्फ पानी से धोने पर ही आसानी से साफ हो जाता है।

### 5. कपड़े पर दाग



**नकली-** नकली गुलाल कपड़े पर लगने पर उसके रेशों के अंदर तक समा जाता है और धोने के बाद भी अपना रंग छोड़ देता है।

**असली-** असली प्राकृतिक गुलाल अगर कपड़ों पर लग जाए, तो झाड़ने से या एक धुलाई में निकल जाता है।



इस उपाय से दूर होंगी कई परेशानियां

# होलिका दहन के बाद घर जरूर लाएं राख

होलिका दहन होली का सबसे पवित्र और शुभ हिस्सा है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसकी अग्नि को अत्यंत पवित्र माना जाता है। होलिका दहन की राख में विशेष शक्तियां होती हैं, जो घर लाकर विभिन्न उपाय करने से कई तरह की परेशानियां दूर हो सकती हैं। 2026 में होलिका दहन 2 मार्च की रात को किया जाएगा। इस दिन राख को घर लाकर कुछ सरल उपाय करने से नवग्रह शांति, आर्थिक तंगी से मुक्ति, स्वास्थ्य लाभ, घर में सुख-शांति और नजर दोष से छुटकारा मिल सकता है। आइए जानते हैं होलिका दहन की राख से जुड़े ये कारगर उपाय।



होलिका दहन की राख का महत्व

होलिका दहन की अग्नि भगवान नरसिंह की शक्ति और प्रह्लाद की भक्ति का प्रतीक है। इसकी राख में नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने की क्षमता होती है। ज्योतिष और वास्तु के अनुसार, होलिका की राख घर लाकर रखने या उपाय करने से नवग्रह पीड़ा, बुरी नजर, आर्थिक संकट, स्वास्थ्य समस्या और घरेलू कलह दूर हो सकती है। राख को कभी फेंकना नहीं चाहिए, बल्कि इसे सम्मान से घर में रखकर उपाय करने चाहिए। राख का तिलक लगाने या छिड़काव करने से भी विशेष लाभ मिलता है।

## नवग्रह शांति के लिए राख का उपाय

नवग्रह पीड़ा से परेशान लोग होलिका दहन की राख को शिवलिंग पर चढ़ाएं। साथ ही, राख को नहाने के पानी में थोड़ा-सा मिलाकर स्नान करें। ऐसा करने से नवग्रह दोष शांत होते हैं और ग्रहों की कृपा बढ़ती है। राख को शिवलिंग पर चढ़ाने से शनि, राहु-केतु जैसे कष्टकारी ग्रहों का प्रभाव कम होता है। यह उपाय जीवन में स्थिरता और शांति लाता है। कई लोग इस राख को घर के मंदिर में रखकर रोजाना पूजा करते हैं, जिससे ग्रहों की अनुकूलता बनी रहती है।

## आर्थिक तंगी से मुक्ति के लिए राख का उपाय

आर्थिक संकट या धन की कमी से परेशान लोग होलिका की राख को लाल कपड़े में बांध लें। उसमें 7 सफेद कौड़ियां डालकर तिजोरी या धन स्थान पर रख दें। ऐसा करने से धन का प्रवाह बढ़ता है और आर्थिक रुकावटें दूर होती हैं। राख में कौड़ियां डालने से लक्ष्मी जी की कृपा मिलती है। यह उपाय हर साल होली पर दोहराने से दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता आती है। कई लोग इस राख को धन के स्थान पर रखकर रोजाना गंगाजल छिड़कते हैं।

## बीमारी से छुटकारे के लिए राख का उपाय

लंबी बीमारी या बार-बार स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोग होलिका की राख को प्रभावित व्यक्ति के माथे पर लगाएं। ऐसा लगातार 21 दिन तक करें। राख का तिलक लगाने से रोग नाश होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह उपाय शारीरिक और मानसिक रोगों दोनों में लाभकारी है। राख को पानी में मिलाकर पीने से भी कुछ लोग लाभ लेते हैं। यह उपाय होलिका की पवित्र अग्नि की शक्ति से रोगों को जड़ से खत्म करने में मदद करता है।

## घर में शांति और नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए राख का उपाय

घर में लगातार कलह, झगड़े या नकारात्मक माहौल रहने पर होलिका की राख को घर के कोनों में छिड़क दें। राख को किसी गुप्त स्थान पर रखकर घर में लोबान का धुआं दिखाएं। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-शांति का वास होता है। राख को मुख्य द्वार पर भी छिड़क सकते हैं। यह उपाय घर को बुरी नजर और नकारात्मक शक्तियों से बचाता है। कई परिवार इस राख को मंदिर में रखकर रोजाना पूजा करते हैं।

## नजर दोष से मुक्ति के लिए राख का उपाय

बुरी नजर से परेशान लोग होलिका की राख में नमक और राई मिलाकर किसी गुप्त स्थान पर रख दें। जब किसी को नजर लगे, तो इस राख को 7 बार उसके सिर से फेरकर चौराहे पर फेंक दें। यह उपाय नजर दोष को तुरंत दूर करता है और भाग्य के रास्ते खोलता है। राख को घर में रखने से भविष्य में नजर नहीं लगती। यह उपाय शनिवार या होली के दिन विशेष रूप से प्रभावी होता है। होलिका दहन की राख को घर लाकर इन उपायों को अपनाएं। इससे धन-समृद्धि बढ़ती है, ग्रह दोष शांत होते हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। होली की राख जीवन की नकारात्मकता को जला देती है और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाती है।

# आज का राशिफल



**मेष राशि** - आज आपका दिन बेहतर रहेगा। अतिरिक्त आय के साधन बनेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय ना दे पाने से लोगों से किसी से नाराजगी न होने दें। संध्या का समय मनोरंजन वाला रहेगा।

**वृषभ राशि** - आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी। धीरे धीरे स्थिति में सुधार होगा कार्य स्थल पर महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**मिथुन राशि** - आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे।

**कर्क राशि** - आज बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी परन्तु खर्च भी अधिक रहने से बचत नहीं कर पाएंगे। दोपहर के बाद से घर एवं बाहर सहयोगी वातावरण बनने से कार्यो में सरलता रहेगी।

**सिंह राशि** - आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यो में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी। मनोबल भी आज बढ़ा हुआ रहेगा।

**कन्या राशि** - आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे। कार्य क्षेत्र पर अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास हानि का कारण बन सकता है। वाणी में कठोरता रहने से घर में कलह रहेगी।

**तुला राशि**-व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। आपसे वाद-विवाद में कोई नहीं जीत पायेगा। बड़बोलेपन के कारण महिलाओं से मतभेद हो सकते है।

**वृश्चिक राशि** - आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। कार्य क्षेत्र पर केवल धन लाभ पाने के उद्देश्य से कार्य ना करे व्यवहार में कुशलता एवं मिठास रखने से अप्राप्त लक्ष्मी भी प्राप्त कर सकते है।

**धनु राशि**- आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है। परोपकार का शुभ फल भी मिलने से प्रसन्नता भी रहेगी।

**मकर राशि** - आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है। प्रेम प्रसंगों से आज दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा। आलसी प्रवृति का लाभ प्रतिस्पर्धी उठा सकते है सावधान रहें। धन लाभ के लिये आज विशेष परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ राशि**- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु धनागम के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग भी गर्म हो सकते हैं।

**मीन राशि**- आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। आज किसी के आगे समर्पण कर सकते है इसका फल शुभ ही रहेगा। बाहरी स्थान के कार्यो में सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी।

- ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री

# घर पर होली के लिए एक शानदार दावत



भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत में, रंगों के त्योहार के रूप में प्यार से पुकारा जाने वाला होली का पूरे देश में गहरा महत्व है। यह रंगों से सने होने, बुराई पर अच्छाई की जीत का स्मरण करने और पौराणिक कथाओं को सुनाने के साथ मनाया जाता है। त्योहार की भावना परिवारों और दोस्तों को एक साथ लाती है और धीरे-धीरे होली के स्वादिष्ट पकवानों की दावत शुरू हो जाती है। क्या आप इस मौसम में चखने लायक स्वादिष्ट व्यंजनों के बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं? यदि हां, तो हमारे साथ बने रहें क्योंकि हम आपको होली के प्रसिद्ध पकवानों के बारे में बता रहे हैं जो आपके घर पर होली की पार्टी के लिए एक शानदार दावत का हिस्सा बन सकते हैं।

## होली के पारंपरिक व्यंजन: अवश्य आजमाएं

होली के त्योहार के विवरण में, देश भर में खाई जाने वाली कुछ पारंपरिक मिठाइयाँ और नमकीन व्यंजन इस प्रकार हैं:

### मालपुआ

होली की अन्य लोकप्रिय मिठाइयों में से एक है स्वादिष्ट मालपुआ। यह मैदा, केले और दूध से बना एक नरम, तला हुआ, सुनहरा भूरा पैनकेक होता है। सुगंधित चीनी की चाशनी में डूबा हुआ यह कुरकुरा मालपुआ मुंह में घुल जाने वाला एक ऐसा व्यंजन बन जाता है जिसे इस त्योहार के मौसम में ज़रूर चखना चाहिए।

### दही वड़ा

यह व्यंजन सभी को बहुत पसंद आता है और इसे लोग बचपन की मस्ती में अपने करीबी दोस्तों पर रंगीन पाउडर और पानी छिड़कते हुए खाते हैं। दही वड़ा बनाने के लिए दाल के घोल को नरम और कुरकुरा होने तक तलना पड़ता है। इन स्वादिष्ट पकौड़ों को ठंडे दही में डुबोकर इमली-पुदीने की चटनी, चुटकी भर चाट मसाला और जीरा पाउडर के साथ परोसा जाता है।

### गुजिया

अगर आपको होली के तले हुए पकवान पसंद हैं, तो गुजिया आपके लिए ही है। यह मिठाई अर्धचंद्राकार आकार की होती है, जिसे परिष्कृत आटे से बनाया जाता है, जिससे इसकी बाहरी परत कुरकुरी और परतदार हो जाती है। मेवों से भरी इस परत के अंदर खोया (दूध के ठोस पदार्थ), चीनी और बादाम, पिस्ता और काजू जैसे सूखे मेवों की मीठी और लजीज भराई होती है।

### धुस्का

झारखंड के आदिवासी बहुल इलाके से मशहूर है धुस्का। यह चावल और चने की दाल से बना एक स्वादिष्ट नाश्ता है। इसे बनाने के बाद, घोल को सुनहरा भूरा होने तक तला जाता है। धुस्का को गरमागरम तवे से उतारकर मसालेदार आलू की करी या चटनी के साथ खाया जाता है।

### रंगा दिमा

असम में रंगा दिमा का अर्थ है लाल अंडे। यह होली के अवसर पर क्षेत्र में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक व्यंजन है, जिसे दौल उत्सव के उपलक्ष्य में बनाया जाता है। यह व्यंजन सरल होते हुए भी मसालेदार होता है, जो इस त्योहारी मौसम में स्वाद को विविधता प्रदान करता है। इसे बनाने के लिए उबले हुए अंडों पर हल्दी, नमक और लाल मिर्च पाउडर लगाकर उन्हें अच्छी तरह से तला जाता है।

# होली पर लड़कियों को जरूर फॉलो करने चाहिए ये 7 सेफ्टी टिप्स

ली रंग, मस्ती और खुशियों का त्योहार है। लेकिन मस्ती के इस त्योहार का मजा उस समय बदरंग हो जाता है, जब हुड़दंग की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व लोगों को परेशान करने लगते हैं। भीड़भाड़ और गुलाल के पीछे छिपे इन 'मनचलों' से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर लड़की को ये 7 बातें जरूर ध्यान रखनी चाहिए। इन 7 होली सेफ्टी टिप्स को ध्यान में रखने से आप बिना किसी डर और परेशानी के रंगों के उत्सव होली का मजा ले पाएंगी। आइए जानते हैं क्या है होली के दौरान बरती जाने वाली ये 7 सावधानियां।

## समूह में ही बाहर निकलें

होली खेलने के लिए कभी भी अकेले सुनसान रास्तों पर न निकले। हमेशा अपने दोस्तों या परिवार के साथ ही होली खेलें। हुड़दंगी अक्सर अकेले व्यक्ति को देखकर ही बदतमीजी करने की हिम्मत जुटाते हैं।

## अनजान लोगों से दूरी बनाएं

अक्सर 'बुरा न मानो होली है' का जुमला कहकर असामाजिक तत्व करीब आने की कोशिश करते हैं। यदि कोई जबरदस्ती रंग लगाने की कोशिश करे या आपको असहज महसूस करवाए, तो तुरंत वहां से हटते हुए स्पष्ट रूप से 'ना' कहें।

## होली खेलने के लिए सुरक्षित स्थान का चुनाव करें

होली खेलने के लिए कोशिश करें कि अपनी ही सोसाइटी, मोहल्ले या किसी सुरक्षित जगह का चुनाव करें। होली खेलने के लिए सड़क या ऐसे इलाकों में जाने से बचें जहां शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के होने की संभावना बनी रहती हो।

## मोबाइल पर इमरजेंसी नंबर सेव रखें

अपने फोन को वॉटरप्रूफ पाउच में रखें और स्पीड डायल पर परिवार या पुलिस (100/112) का नंबर सेव रखें। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत मदद के लिए शोर मचाएं और आसपास के लोगों को सूचित करें।

## पहनावे पर दें ध्यान

होली खेलने के लिए हमेशा ऐसे कपड़े पहनें जो आरामदायक होने के साथ आपकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हों। बहुत ज्यादा ढीले या पारदर्शी कपड़े पहनने से बचें। ऐसे कपड़े रंग और पानी के संपर्क में आने के बाद आपको असहज महसूस करवा सकते हैं।

## नशे में डूबे लोगों से बचकर रहें

होली के दिन भांग या शराब के नशे में धुत लोग अक्सर अपनी मर्यादा भूल जाते हैं। ऐसे लोगों के समूहों को देखते ही अपना रास्ता बदल लेने में ही समझदारी है। बहस करने से मामला बिगड़ सकता है।

# हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ



हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ,
क्योंकि मुझे अपनी संस्कृति से प्यार है।
सुबह की पहली किरण के साथ ही ईश्वर के दर्शन कर लेती हूँ,
उनके चरणों में नतमस्तक होकर श्रद्धा के फूल चढ़ाती हूँ,
और अपना दिन सँवार लेती हूँ।

हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ—
माता-पिता, सास-ससुर की तस्वीर के आगे शीश झुकाकर
उनका आशीष माँग लेती हूँ।
ये मेरे संस्कारों की महक है,
मेरे घर की पहचान है।

बड़ों से ऊँची आवाज़ में बोलना अच्छा नहीं लगता,
उनसे बहस करना मेरा स्वभाव नहीं।
ध्यान और धैर्य से उनकी बातें सुनती हूँ,
और यदि कोई बात अच्छी नहीं लगे तो बाद में बड़े
स्नेह से समझा देती हूँ—
क्योंकि रिश्तों में तकरार नहीं, मधुरता को स्थान देती हूँ।

किसी भी नशे की गुलाम नहीं हूँ,
न शराब को आधुनिकता की पहचान मानती हूँ।
मेरे लिए आधुनिक बनने का अर्थ
चरित्र, विचार और व्यवहार में निखार है—
शराब के पैमाने पर नहीं।

बेटा-बेटी मेरे लिए समान हैं,
पर देर रात तक उनका अकेले बाहर घूमना
मुझे आज भी नहीं सुहाता।
हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ।
शिक्षा की पक्षधर हूँ,
पर साथ में संस्कारों की पाठशाला भी ज़रूरी मानती हूँ।
आधुनिकता के नाम पर फूहड़पन
मेरे मन को नहीं भाता।

मेरे लिए आधुनिकता हैं
व्यवहार में विनम्रता,
दूसरों को सम्मान देना,
अपनी संस्कृति को संजोना,
उदार विचारों की गर्माहट फैलाना।

लिव-इन रिलेशन संबंधों का अर्थ आज भी
पूर्ण रूप से समझ नहीं पाती,
क्योंकि ज़िम्मेदारियों से भागना मेरे मन को नहीं सुहाता।
मेरे लिए शादी कोई बंधन नहीं,
बल्कि पवित्र अग्नि की साक्षी में लिए गए सात फेरे हैं,
जो जन्म-जन्मांतर तक साथ निभाने की सीख देते हैं—
इन्हीं से घर की नींव बसती है।

तनाव की छोटी लहरों पर
तलाक का तूफ़ान खड़ा कर देना—
मेरी समझ में नहीं आता।
घर तो त्याग, धैर्य और संवेदनशीलता से बनते हैं;
बच्चों का भविष्य भी
इन्हीं चार दीवारों की मजबूती पर टिकता हैं।
हाँ, कोई बड़ा कारण हो, तो बात अलग,
पर छोटी-छोटी बातों पर अलग हो जाना,
मन को अच्छा नहीं लगता।

हमारी माँ, दादियाँ, नानियाँ—
कम साधनों में भी हमसे कहीं अधिक खुश रहती थीं।
संतोष उनका आभूषण था,
सम्मान उनका स्वभाव,
और परिवार को जोड़ने की अद्भुत क्षमता
उनकी पहचान।
घर की चारदीवारी में रहकर भी अपने
धार्मिक और सामाजिक जीवन को वे पूर्णता से जी लेती थीं।

आज सब कुछ है,
फिर भी रिश्तों में अजीब-सा खालीपन,
भावनाओं में दूरी, संवाद में कड़वाहट।
क्यों न थोड़ा सामंजस्य बिठाएँ—
कुछ पुराना संभालें, कुछ नया अपनाएँ,
रिश्तों में मधुरता घोलें,
प्यार से जीवन सँवारें।

बेटियों को आकाश दें,
उनकी सहेली बनें,
उनका हाथ थामें।
पर स्त्री-पुरुष को प्रतिस्पर्धा का मैदान क्यों बनाएँ?
दोनों की अपनी-अपनी महिमा है—
न कोई कम, न कोई अधिक।

हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ,
पर आधुनिकता से दूर नहीं।
अपना व्यक्तित्व गढ़ती करती हूं , अपना अस्तित्व सँवारती हूँ,
पर परिवार को साथ लेकर चलती हूँ।
'मैं' से अधिक 'हम' में विश्वास रखती हूँ।

संस्कार मेरी धरोहर हैं,
शालीनता मेरी पहचान,
और मुझे इस पर गर्व है।

हाँ मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ।

-मंजू लोढ़ा, स्वरचित

## संक्षिप्त समाचार

ग्राम पंचायत नंदनी खुंदनी में होली मिलन समारोह




रखा गया जिसमें ग्राम के सरपंच खुशबू घनश्याम यादव, उप सरपंच लोकेश नाहटा,सचिव भगवत यादव ,पंच महादेव साहू,मुकेश साहू ,ओमप्रकाश साहू, तरुण जैन, तारण दास,राजकुमारी साहू,पुन्नी साहू,संतोषी निषाद,रामकली ध्रुव,राजकुमारी पाल,पार्वती जांगड़े,राधा पटेल आदि उपस्थित रहे।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में 5 .67 लाख यूनिट बिक्री के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज की

**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने फ़रवरी 2026 में कुल 5,67,351 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5,13,190 यूनिट घरेलू बाजार में और 54,161 यूनिट निर्यात के रूप में शामिल हैं। कंपनी ने फ़रवरी 2025 की तुलना में 34% की सालाना (YOY) वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से फ़रवरी 2026) की वर्ष-से-तारीख (YTD) अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 58,20,556 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 52,37,169 यूनिट घरेलू बिक्री और 5,83,387 यूनिट निर्यात शामिल हैं।

**फ़रवरी 2026 में एचएमएसआई की प्रमुख उपलब्धियां:** सड़क सुरक्षा: सबके लिए सुरक्षा के अपने विज़न के अनुरूप, एचएमएसआई ने अजमेर, पुणे, नासिक, नारनौल, वडोदरा, हिसार, गोरखपुर, कटिहार, औरंगाबाद, मैंगलोर, छिंदवाड़ा और कोच्चि सहित देशभर के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किए। इन पहलों के माध्यम से जिम्मेदार राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा दिया गया और सुरक्षित सड़कों के लिए सामुदायिक जागरूकता को मजबूत किया गया।

एचएमएसआई ने ग्वालियर, कोच्चि, आगरा और मदुरै में सड़क सुरक्षा सम्मेलनों का भी आयोजन किया, जिसमें प्राचार्यों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसका उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार की आदत विकसित करना था। साथ ही, एचएमएसआई ने चेन्नई और जयपुर स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों की वर्षगांठ मनाई, जो राइडर शिक्षा और सुरक्षित राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा देने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेटवर्क विस्तार: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने तिनसुकिया में एक नए अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन कर अपने नेटवर्क को और मजबूत किया। विशेष रूप से प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस टीम के साथ यह डीलरशिप ग्राहकों को व्यक्तिगत और बेहतर सेवा प्रदान करेगी, जिससे एचएमएसआई की ग्राहक-केंद्रित मोबिलिटी समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता और सुदृढ़ होगी।

## सैमसंग इंडिया ने अपना सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो लॉन्च किया; प्री-ऑर्डर आज से शुरू

**नईदिल्ली।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं। ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फ़ाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फ़िर से परिभाषित करते हैं। गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फ़िटिंग का एक बेजोड़ मेल है। पहली बार, बड्स4 प्रो में ज़्यादा चौड़ा वूफ़र, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइज़र दिया गया है, जिससे आवाज़ मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है। इसमें ढ्ढ का गहरा इस्तेमाल सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसके तहत ईयरबड्स को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि लोग दिन भर कैसे सुनते हैं, कैसे चलते-फ़िरते हैं और कैसे रहते हैं। बेहतर स्थिरता और दिनभर के आराम के लिए ऑप्टिमाइज्ड कम्प्यूटेशनल डिज़ाइन बड्स4 सीरीज़ के साथ, सैमसंग ने नए ब्लेड डिज़ाइन को पेश किया है। यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है। बड्स4 सीरीज़ में एक अल्ट्रा-स्लीक और एर्गोनॉमिक फ़िट दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ताओं को अधिक आरामदायक अनुभव मिले। नया स्टेबलाइज़्ड ब्लेड प्रीमियम मेटल फ़िनिश के साथ आता है और इसमें एक उत्कीर्ण पिंच कंट्रोल एरिया है, जिससे यूज़र्स आसानी से कंट्रोल ढूंढकर सेटिंग्स को एडजस्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही, नया पारदर्शी क्लैमशेल-टाइप केस स्टोरेज और चार्जिंग को सुविधाजनक बनाता है, जबकि ब्लेड डिज़ाइन एक स्टाइलिश और उच्च-गुणवत्ता वाला सुनने का अनुभव प्रदान करता है।

# समय सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा

### जनदर्शन प्रकरणों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से करें निराकरण एडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी



**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े मामलों में गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। एडीएम श्रीमती तिवारी ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार पंजीयन और आधार अद्यतन की स्थिति की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीएम श्रीमती तिवारी ने पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। एडीएम ने अधिकारियों से प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आमजन को योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। आगामी होली पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने नगरीय निकायों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने तथा आपात स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रखने को कहा। उन्होंने सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में होली मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। एडीएम श्रीमती तिवारी ने न्यायालयीन प्रकरणों में पारित आदेशों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करने तथा सीएम जनदर्शन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दूर-दराज से आने वाले नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित के मामलों में संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य कर आमजन को राहत पहुंचाना ही प्रशासन का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में कई बड़े फैसले, जांजगीर में द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन 12 अप्रैल को



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों के हित और संगठन विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि एसोसिएशन का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को जांजगीर में आयोजित किया जाएगा। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत महंगाई राहत भुगतान को छत्तीसगढ़ में लागू कराने हेतु याचिका दायर करने का अधिकार प्रदेश अध्यक्ष को दिया गया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने की मांग मुख्यमंत्री को ज्ञापन के जरिए भेजी जाएगी। पेंशन में 20 प्रतिशत वृद्धि और आयु सीमा को 70 वर्ष करने की जोरदार मांग की गई।

बिलासपुर जिले में सदस्यता अभियान को पुन: जोर-शोर से चलाने का निर्णय लिया गया। तहसीलों में प्रांतीय और जिला पदाधिकारी पेंशनरों से घर-घर संपर्क करेंगे। बैठक में 20 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की।

बिलासपुर जिला के लिए अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा और सचिव निरंकार तिवारी (सहायक ग्रेड 2, वन विभाग से सेवानिवृत्त) नियुक्त किए गए। कोरबा जिला में अध्यक्ष प्रभात शर्मा और प्रांतीय सचिव सुरेश कुमार द्विवेदी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कोरबा में सदस्यता अभियान शुरू कर पुराने पेंशनरों को एसोसिएशन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी आरपी सिंह, अशोक भार्गव, ललित पांडेय, एसपी करोसिया, डीएल डहरिया, राजेंद्र चंद्राकर, एके साहू, कोमल पटनवार, राजीव कस्तूरे, बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, तखतपुर अध्यक्ष नंद कुमार साहू, मस्तूरी अध्यक्ष किशून राठौड़, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष एमपी राठौर, सचिव जीएस उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष जेपी उपाध्याय, कोरबा अध्यक्ष प्रभात शर्मा,ए प्रांतीय सचिव सुरेश द्विवेदी, निरंकार तिवारी सहित 100 से अधिक पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में लिए गए निर्णय संगठन को मजबूत करने और पेंशनरों के हितों के लिए नए कदम साबित होंगे।

## हर घर जल संचय, जन भागीदारी से 1 मार्च से विशेष जल संरक्षण महाभियान प्रारंभ


**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में 1 मार्च से विशेष जल संरक्षण महाभियान की शुरुआत की गई है, जिसके तहत हर घर सोक पिट वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल के संचयन को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार लाना तथा जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देना है। इसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता के साथ जल संचय संबंधी कार्य किये जा रहे हैं।



कलेक्टर श्री महोबे ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनभागीदारी के माध्यम से जल संचय के इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि मोर गांव - मोर पानी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक घर तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाना हम सबकी प्राथमिकता है। कलेक्टर ने पंचायतों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि गांव-गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक परिवारों को इस पहल से जोड़ा जाए, ताकि जल संरक्षण को स्थायी जन-अभियान बनाया जा सके। जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में जनजागरूकता के साथ गांव गांव में बैठक आयोजित करते हुए जल संचय का कार्य किया जा रहा है। जनभागीदारी से ही जल संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में सभी जनपद पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे को भेंट की गई चर्चित पुस्तक अंतस भीतरी

**सारँगढ बिलाईगढ़** - साहित्य जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब चर्चित पुस्तक अंतस भीतरी की एक प्रति जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे को भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर लेखक एवं कलेक्टर महोदय के बीच पुस्तक की विषय-वस्तु, उसके सामाजिक प्रभाव तथा विशेषकर युवाओं में उसकी उपयोगिता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।




कलेक्टर महोदय ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध होगी। उन्होंने उल्लेख किया कि आज के दौर में ऐसी लेखनी की आवश्यकता है, जो युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच, आत्ममंथन और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित करे।

विशेष रूप से उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि एक ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े युवा लेखक द्वारा इस स्तर की सार्थक एवं चिंतनशील रचना प्रस्तुत करना साहित्य क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने इसे ग्रामीण प्रतिभा की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए लेखक को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर ने न केवल लेखक के साहित्यिक सफ़र को नई ऊर्जा दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि सशक्त विचार और प्रतिबद्ध लेखनी किसी भी पृष्ठभूमि से निकलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकती है।

## झीट में खिलाड़ियों की सुविधाओं में हुई वृद्धि, क्रिकेट मैदान में मंच का लोकार्पण



**पाटन।** ग्राम झीट में क्रिकेट मैदान मंच के लोकार्पण एवं अस्मिता खेलो इंडिया भारतोलन स्टेट लेबल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खिलाड़ी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल (सांसद) थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान मंच का लोकार्पण करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विशेष रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकार सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

अस्मिता खेलो इंडिया भारतोलन स्टेट लेबल प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की गई।

# खराब सड़कों से मिलेगी राहत! सिघनपुर-नौरंगपुर मार्ग होगा पक्का, ग्रामीणों की मांग पर लगी मुहर... करोड़ों की स्वीकृति मिली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, ( टारजन महेश ) समय दर्शन।** 15 साल से अधिक का समय से ग्रामीण कच्ची रास्तो पर चलकर अवगमन करते है हर मौसम मे सड़के बदलहाल जिसकी मार ग्रामीण और अवगमन करने वाले राहगीर परेशानियों का सामना करना पड़ता था सैंकड़ो ग्रामीण कई वर्षो से शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करा चुके थे लेकिन उन्हें निजात नहीं मिला था लेकिन अब लंबे समय से धूल और गड्ढों के साथ कीचड़भरी सड़क से परेशान ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिलने जा रही है। ग्राम पंचायत खुर्सी के आश्रित गांव सिघनपुर से नौरंगपुर तक की खराब सड़क अब पक्की बनाई जाएगी। ग्रामीणों की लगातार मांग और जनप्रतिनिधियों से गुहार के बाद इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई है।





बताया जा रहा है कि बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता था, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार वाहन फंसने और दुर्घटना की स्थिति भी बनती रही है। जिसको लेकर कई बार आवेदन निवेदन ग्रामीण कर चुके थे जिसको ध्यान मे रखते हुए पिछली सरकार ने उन्हें श्च2स्त्र विभाग के प्रोजेक्ट मे भी शामिल कर सुकृति दी थी लेकिन तकनिकी और आगामी चूनाव मे रुक चूका था लेकिन भाजपा सरकार आते ही ऐसे बदहाल सड़को को चिन्हित कर अब उसका कायाकल्प बदलने की दिशा मे भाजपा सरकार काम करने मे जुटी हैँ

**सरकार ने ग्रामीणों की माँग पर बजट मे शामिल किया बदहाल सडक,, अब बदलेंगी बदहाल सड़क-** अभी हाल ही मे छत्तीसगढ़ मे बजट पेश किया गया जिसमे प्रदेश के विष्णु देव सरकार ने प्रदेश के विकास पर भारी बजट तय किया हैँ जिसमे पक्की सड़को का जाल बिछाने का संकल्प लिया हैँ इस बजट मे ऐसे सड़के शामिल हैँ जो लगातार 12 से 15 साल से कच्ची पड़ी थी ऐसे सड़को को इस बजट मे शामिल किया गया जिसमे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सिघनपूर से नौरंगपुर और गोडम को भी शामिल किया गया जिसके लिए 4 करोड़ 30 लाख की सुविकृति दिया हैँ अब बहुत जल्द यह सड़के बनाई जाएगी

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति पर खुशी जताई है और कहा कि पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा, साथ ही गांव के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। अब क्षेत्रवासियों को जल्द ही कच्ची सड़क से छुटकारा मिलने की उम्मीद है।

## खबर-खास

# एयरटेल और गूगल ने भारत में सुरक्षित आरसीएस मैसेजिंग के जरिए स्पैम सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए साझेदारी की

**नई दिल्ली, भारत।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल और गूगल ने भारत में लाखों उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग को एक साथ लाने से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरएक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें उन्नत सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा जो मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी को काफी हद तक कम कर देता है।

पिछले डेढ़ वर्ष में, एयरटेल ने कॉल और मैसेज दोनों के माध्यम से ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग में पहली बार शुरू की गई, एआई-संचालित पहलों की एक श्रृंखला के जरिए स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ भारत की लड़ाई का नेतृत्व किया है। ग्राहकों की सुरक्षा के लिए अपने सिद्ध रिकॉर्ड को साबित करते हुए एयरटेल ने अब तक अपनी सभी नवाचारी स्पैम विरोधी पहलों के माध्यम से 71 अरब स्पैम कॉल और 2.9 अरब स्पैम एसएमएस ब्लॉक किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप एयरटेल के नेटवर्क के वित्तीय नुकसान में 68.7 प्रतिशत की भारी कमी आई है।

हालांकि डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कमी अब भी मौजूद है। जहां पारंपरिक मोबाइल नेटवर्क जो मैसेजिंग सुविधा प्रदान करते हैं, वे सुरक्षा मानकों और दूरसंचार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होते हैं, वहीं कई अन्य गैर दूरसंचार संचार प्लेटफॉर्म और स्वतंत्र ऐप्स में ये सुरक्षा उपाय नहीं होते। इसी कारण इन माध्यमों का शातिर और संगठित धोखेबाजों द्वारा बढ़ते स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है और ये वित्तीय धोखाधड़ी तथा अवांछित स्पैम के आम साधन बन गए हैं।

एयरटेल और गूगल के बीच यह अभिनव साझेदारी उसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि आधुनिक मैसेजिंग सेवाओं में भी दूरसंचार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की जवाबदेही का विस्तार किया जा सके। आरसीएस प्लेटफॉर्म में एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल की मौजूदा स्पैम सुरक्षा को जोड़कर दोनों कंपनियां एक सुरक्षित, ऑपरेटर समर्थित मैसेजिंग सेवा का नया मानक स्थापित कर रही हैं।

# सुनील भारती मित्तल को वैश्विक दूरसंचार क्षेत्र में परिवर्तनकारी योगदान के लिए 'जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली:** ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) (तस्रू) ने भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को बेहद खास 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिदृश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। जीएसएमए के इतिहास में केवल चुनिंदा व्यक्तियों को दिया जाने वाला यह सम्मान अब तक कुछ ही टेलीकॉम दिग्गजों को प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन योगदानों को मान्यता देता है, जिन्होंने वैश्विक संचार व्यवस्था पर एक अमिट और निर्णायक छाप छोड़ी है। बार्सिलोना में आयोजित 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' के दौरान यह सम्मान उन्हें स्पेन के राजा महामहिम फेलिप षष्ठम, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला और वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। दूरसंचार क्षेत्र के दूरदर्शी दिग्गज़ सुनील भारती मित्तल के नेतृत्व में भारती एयरटेल आज दुनिया की अग्रणी मोबाइल ऑपरेटर कंपनियों में से एक है। भारत और अफ्रीका में अपने ऑपरेशन के साथ एयरटेल दुनिया की शीर्ष तीन कंपनियों में शामिल है और 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने उभरते बाजारों में मोबाइल सेवाओं के विस्तार की पहल की और साल 2017 से 2018 तक जीएसएमए के चेयरमैन के रूप में कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ऐसी नीतियों का पुरजोर समर्थन किया जिनसे निवेश और नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने उन लोगों को जोड़ने और डिजिटल समावेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया जो अभी तक संचार सेवाओं से वंचित थे। इससे पहले उन्हें वैश्विक मोबाइल उद्योग के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2008 और 2016 में 'जीएसएमए चेयरमैन अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है।

# राजस्व कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर छत्तीसगढ़ राजस्व लिपिक संघ मे आक्रोश, सौपा ज्ञापन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** नगर के छत्तीसगढ़ राजस्व लिपिक संघ ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा, ज्ञापन के माध्यम से बताया कि तहसीलदार, रायपुर के न्यायालयीन परिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय बिलासपुर में घटित घटना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है. घटना से समस्त राजस्व लिपिकीय संवर्ग में गहरा आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त हो रही है । न्यायालयीन कार्यवाही के दौरान एक लिपिक के साथ कथित शिकायत को लेकर जिस प्रकार अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कॉलर पकड़कर मारपीट की गई, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया, खुलेआम दलाल कहकर अपमानित किया गया, माननीय मंत्री जी के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की गई तथा शासकीय कार्यालय में बिना अनुमति वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की गई वह न केवल विधि-विरुद्ध कृत्य है, बल्कि न्यायालय की गरिमा एवं प्रशासनिक अनुशासन के भी प्रतिकूल है। यदि संबंधित कर्मचारी के




विरुद्ध कोई शिकायत थी, तो विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत उसके सक्षम उच्चाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए था द्वकिन्तु कानून को हाथ में लेकर न्यायालयीन परिसर में शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करना, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना गंभीर दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त घटना से न केवल संबंधित कर्मचारी, बल्कि संपूर्ण राजस्व विभाग के कर्मचारियों का मनोबल अत्यंत प्रभावित हुआ है। यदि न्यायालयीन एवं शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तो सुशासन की अवधारणा व्यावहारिक रूप से प्रभावित होगी।


छत्तीसगढ़ राजस्व लिपिक संघ से मुख्य रुप से संरक्षक सुदामा ठाकुर जिला प्रभारी सह जिलाध्यक्ष पंकज पाटिल उपाध्यक संतोष ध्रुव, योगेश वर्मा , प्रदीप सक्सेना, दीपक साहू सचिव युवराज कुटारे गुलशन सेन तहसील अध्यक्ष श्री सुशील गाड़े , दुखुराम कमार, आदित्य ठाकुर, विवेक टेंभरे, राजेश्वर विप्रे , रीना सिदार, भगवती धीवर, सरोज कुंजाम, तिलक ध्रुव, कृष्णा सिन्हा, लक्ष्मण चेलक, सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# जांजगीर-नैला में रेल ओव्हर ब्रिज निर्माण व ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य मांगों को लेकर 06 मार्च को नगर बंद एवं चक्काजाम की चेतावनी

### आंदोलन को स्थानीय व्यापारिक संगठनों का समर्थन

**जांजगीर-चांपा।//** समय दर्शन //जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन पर प्रस्तावित रेल ओव्हरब्रिज निर्माण, स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांगों को लेकर स्थानीय नागरिकों ने 05 मार्च 2026 को रात 10 बजे से परशुराम चैक, नैला में चक्का जाम एवं 06 मार्च को नगर बंद की घोषणा की है। इस संबंध में कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा को पत्र सौंपकर प्रशासन को औपचारिक सूचना दी गई है। इस आंदोलन को स्थानीय व्यापारिक संगठनों जैसे छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, गल्ला किराना व्यापारी संघ, जिला





छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

विक्रम अग्रवाल

चावल उद्योग संघ, कपड़ा व्यापारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है।

पत्र में उल्लेख है कि पूर्व में इन मांगों को लेकर जन आंदोलन किया गया था। तब रेल प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता में सहमती बनी थी कि छः माह के भीतर रेल ओव्हरब्रिज निर्माण प्रारंभ किया जाएगा तथा जांजगीर-नैला स्टेशन पर गोंडवाना एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा मिशन अस्पताल समपार के पास अंडरब्रिज निर्माण और जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का भी आश्वासन दिया गया था।

आरोप है कि सहमति के बावजूद अब तक किसी भी वादे पर ठोस प्रगति नही हुई है। राज्य और रेल प्रशासन के बीच समन्वय के अभाव से कार्य अटका हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया है और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आंदोलन की सूचना की प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, ए.डी.ई.एन. द.पू.म.रेलवे चांपा, स्टेशन प्रबंधक जांजगीर-नैला, तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर को भी प्रेषित की गई है।

# होली-ईद से पहले कबीरधाम में हाई अलर्ट, हुड़दंगियों को सख्त चेतावनी

### पुलिस की दो टूक-कानून तोड़ा तो सीधे कार्रवाई

**कबीरधाम।** रंगों और इबादत के पर्व से पहले कबीरधाम जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। होली और ईद/रमजान के मद्देनज़र जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में एक साथ शांति समिति की बैठकें आयोजित कर साफ संदेश दे दिया गया है—त्योहार मनाइए, लेकिन कानून की लक्ष्मण रेखा पार की तो बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और अमित पटेल के निर्देशन में 1 मार्च 2026 को जिलेभर के थाना और चौकी परिसरों में बैठकें हुईं। इनमें तहसीलदारों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यवसायियों, ग्राम कोटवारों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

बैठकों में नागरिकों से अपील की गई कि होली पारंपरिक तरीके से रंग-गुलाल के साथ मनाएं, नशे से दूर रहें और कीचड़, धूल या रासायनिक रंगों का उपयोग न करें। होलिका दहन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की सलाह दी गई। जबरन रंग लगाने, अश्लील टिप्पणी, मारपीट, गाली-गलौज या लड़ाई-झगड़े जैसी हरकतों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

यातायात नियमों को लेकर भी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। तीन सवारी, बिना हेलमेट वाहन चलाना, तेज रफ्तार, शराब पीकर ड्राइविंग या स्टंटबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।


**// पंचनामा //**

प्रमाणित किया जाता है कि सुवर्ण पिता डिग्रीलाल जाति बिंझवार ग्राम कोकड़ी पोस्ट ऑफिस गेर्रा, ग्राम पंचायत गेर्रा , थाना बलौदा तहसील सरायपाली (छ.ग.) के मूल निवासी व काश्तकार है इनकी मूल जाति "बिंझवार" अनु.जनजाति के अन्तर्गत आता है।

अत: आवेदिका कि मूल जाति बिंझवार अ.ज.जा. होने के प्रमाण स्वरूप यह प्रमाण पत्र पंचनामा सहित प्रदाय किया जाता है।

स्थान- सरपंच

दिनांक- ग्राम-गेर्रा

ज.पं.-सरयपाली


# गांव-गांव चलेगा कांग्रेस का अभियान, जनविरोधी नीतियों पर होगा खुला प्रहार- नवीन जायसवाल

### अनुशासनहीनता पर होगी कड़ी कार्यवाही

**कवर्धा (समय दर्शन)।** जिला कांग्रेस कमेटी की प्रथम जिला कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के अध्यक्षता में महात्मा गांधी व संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जी तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया । टीम विस्तार के बाद आयोजित इस बैठक में जिले के सभी 8 ब्लॉकों एवं विभिन्न समाजों को प्रतिनिधित्व देकर संगठनात्मक एकजुटता का मजबूत संदेश दिया गया एवं सभी पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि संगठन को मजबूत कर एकता के साथ मिलजुलकर कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुचायेंगे ।

जिला अध्यक्ष श्री जायसवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस गमछा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब संगठन केवल नाम का नहीं, काम का होगा। हर पदाधिकारी को मैदान में उतरना होगा, गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक कांग्रेस की ताकत दिखानी होगी। निष्क्रियता और औपचारिकता के लिए संगठन में





कोई स्थान नहीं रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकरिणी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशा अनुरूप ज्यादा से ज्यादा युवाओ को स्थान दिया गया है ताकि युवा नेतृत्व आगे आ सके ।

उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में वार्ड अध्यक्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत अध्यक्षों की शीघ्र नियुक्ति कर संगठन को अंतिम पंक्ति तक सक्रिय किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार कर जनता की आवाज बुलंद की जाएगी।

जिला अध्यक्ष श्री जायसवाल ने दो टूक कहा कि जनता के अधिकारों पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। आने वाले समय में गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा और आम जनता के हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि आने वाले 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानते हुए अभी से संगठन को चुनावी मोड में लाया जाएगा और कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से रणनीति लागू की जाएगी।

बैठक में जिले के कार्यकरिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और एकजुटता से काम करने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नहर लाइनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**धमतरी।** अबिनाश मिश्रा ने नगरी प्रवास के दौरान सांकरा के समीप प्रगति पर चल रहे सिंगपुरङ्कदुगली नहर लाइनिंग कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, निविदा प्रक्रिया, भौतिक प्रगति, प्रस्तावित सिंचित रकबे तथा लाभान्वित होने वाले ग्रामों की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना नगरी क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि लाइनिंग कार्य में मानक सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, तकनीकी मापदंडों का कड़ाई से पालन हो तथा निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।


**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

**//ईश्तहार//**

रा. मा.क्रं...... बी-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा एवं सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद रगड़े आ. इतवारी रगड़े निवासी शहर/ ग्रम स्टेशन पारा प.ह.नं. .... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्री अरवी रगड़े आ. अरविंद रगड़े जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 06.03.2026 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार दिनांक 18.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 18.02.2026

सुनवाई दिनांक 06.03. 2026

कार्यपालिक दंडाधिकारी

राजनांदगांव,छ.ग.

मुहर


# दीपक मेश्राम बने अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा गरियाबंद ज़िला अध्यक्ष

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** भारतीय बौद्ध महासभा के एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मान शपथ ग्रहण कार्यक्रम गरियाबंद के वन विभाग नीलाम कक्ष में आयोजित किया गया , जहां प्रदेश बौद्ध महासभा के अतिथियों का स्वागत किया गया जंहा पुष्पवर्षा आतिशबाजी कि गई। कार्यक्रम मे मैनपुर, गरियाबंद, राजिम सहित जिले भर के सामाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष दिलीप वासनीकर ,प्रथम,कलेक्टर,गरियाबंद प्रदेश उपाध्यक्ष पालनहार मेश्राम , राष्ट्रीय ट्रस्टी एस आर कांडे , डॉ.बद्रीश सुखदेवे,गरियाबंद जिले के प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वैद्य, शैलेश बड़गे एवं प्रदेश से आए सभी जिलों के जिला अध्यक्षों और हजारों की संख्या में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामई उपस्थिति में 9 सदस्यों को शपथ दिलाया गया जिसमें भारतीय बौद्ध महासभा ज़िला अध्यक्ष दीपक मेश्राम वरिष्ठ शिक्षक को बनाया



गया,उपाध्यक्ष शिव तिरपुड़े उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके महासचिव खिलेंद्र कुटारे , कोषाध्यक्ष रमेश वासनीकर सदस्यों में नागेश गज़भिए प्रकाश लोनहारे ,किशोर रामटेके, मुकेश रामटेके सदस्य के हुए भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े ने शपथ दिलाई प्रदेश पदाधिकारी आशा करते हैं कि ज़िला गरियाबंद के सभी बौद्ध महासभा के सदस्य पूरे छत्तीसगढ़ में सामाजिक जागरूकता कार्यों, आयोजनों, से पूरे छत्तीसगढ़ में बंधुत्व की संदेश से जाना जाए,भारतीय बौद्ध महासभा ज़िला गरियाबंद का गठन होने पर पूरे ज़िले के लोगों में हर्षोल्लास उत्साह है।

उक्त कार्यक्रम मे शिव कुमार खापर्डे, नारद मेश्राम , नवलकिशोर ललित डॉहटे, सहित समस्त सदस्य बौद्ध महासभा के उपस्थित थे।


**।। न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग ( छ.ग. ) ।।**

**विक्रय की उदघोषणा**

क्रमांक / 657/ तहसीलदार / प्र.01/2026 — दुर्ग दिनांक 25/02/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **"महात्वाकांक्षी बिल्डर्स, पता- दुकान नंबर 67, बी.एस.पी. मार्केट, रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के स्वामित्व की कुर्कशुदा सम्पत्तियों की नीलामी दिनांक 07/03/2026, दिन- शनिवार को समय 10:00 बजे से विक्रय / नीलामी स्थान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन हॉल, शासकीय विश्वनाथ तामस्कर महाविद्यालय, जी.ई.रोड दुर्ग** में किया जाना है।

इच्छुक बोलीदार संपत्ति के "बाजार मूल्य" का अग्रिम राशि का **10 प्रतिशत राशि** को बैंकर्स चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से तहसीलदार दुर्ग के पक्ष **दिनांक 06/03/2026, दिन- शुक्रवार तक कार्यालयीन समय सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य ( अवकाश दिवस को छोड़कर ) न्यायालय तहसीलदार दुर्ग** के कक्ष में उपस्थित होकर जमा कर सकते है । उक्त राशि जमा करने के पश्चात ही नीलामी में बोली लगा सकते है।

नीलामी हेतु विक्रय की नियम व शर्तें सहित विस्तृत जानकारी जिला दुर्ग के वेबसाईट www.durg.gov.in में उपलब्ध है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। साथ ही माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर के अवमानना प्रकरण क्रमांक 1069 / 2023 श्रीमती थेरेसा अनिल एन्टी विरूद्ध श्री पुष्पेन्द्र कुमार एवं अन्य में पारित आदेश पत्र दिनांक 02/02/2026 के अनुपालन में प्रतिवादी क्रमांक 04 द्वारा वादग्रस्त संपत्ति का आधार मूल्य दिनांक 18/02/2026 को प्रस्तावित किया गया है। नीलामी पूर्ण होने एवं विक्रय संपन्न होने की स्थिति में वास्तविक मूल्य एवं विक्रय मूल्य के बीच स्टाम्प शुल्क का अंतर तथा न्यायालय शुल्क प्रतिवादी क्रमांक 04 द्वारा वहन किया जायेगा ना कि सफल बोलीदाता द्वारा अथवा उस व्यक्ति द्वारा जिसके पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया जाना है। नीलामी हेतु संपत्ति की जानकारी निम्नानुसार है :-

**अनुसूची**

| क्र. | ग्राम का नाम | नीलामी की जा रही संपत्ति की जानकारी | क्षेत्रफल | आफसेट मूल्य (प्रतिवादी क्रं. 04 द्वारा प्रस्तावित आधार मूल्य) | अमानत राशि ( आफसेट मूल्य का 10 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रिसाली | फ्लैट नंबर 333 (मधुरिशा हाईट्स फेस-3,ई-ब्लॉक, तृतीय तल) | 1908.56 वर्गफीट | 40,00,000.00 | 4,00,000/- |
| 2 | | फ्लैट नंबर 405 (मधुरिशा हाईट्स, ए-ब्लॉक, चतुर्थ तल) | 1461.85 वर्गफीट | 30,00,000.00 | 3,00,000/- |

यह उदघोषणा आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई है।

मुहर

G- 252606974/1

तहसीलदार

दुर्ग ( छ.ग. )

## संक्षिप्त-खबर

### पाटन में बच्चों को प्रतीक चिन्ह से नवाजा गया



**पाटन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय महकाकला में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री केशव वर्मा एवं श्रीमती साधना वर्मा ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा अपने आशीष वचनों से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में श्रीमती गायत्री वर्मा, श्री तेजराम कामड़िया, श्री धर्मजीत देवांगन, श्री नागेश देशमुख, श्री किशोर कुमार मढ़रिया, श्री राकेश कुमार, श्रीमती अंजुम खानम एवं श्रीमती सैनी सन्नी की गरिमामय उपस्थिति रही। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रेरणा और प्रसन्नता का वातावरण निर्मित करते हैं तथा बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### ग्राम पंचायत सांकरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह




**अम्लेश्वर।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में ग्राम पंचायत के युवा सरपंच रवि सिंगौर ने उपस्थित पंचगणों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा भगवान श्री राधा-कृष्ण से ग्रामवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उपसरपंच रामशरण बंधे सहित सभी पंचगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कामता प्रसाद सिंगौर द्वारा साझा की

### शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के सांस्कृतिक एवं साहित्य प्रकोष्ठ के शिवाकांत तिवारी अध्यक्ष बनाए गए



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सांस्कृतिक एवं साहित्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत नीरज ठाकुर के द्वारा कांग्रेस के बहुत ही सक्रिय जुझारू,ओजस्वी साथी शिवाकांत तिवारी को दुर्ग शहर जिला सांस्कृतिक एवं साहित्य प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है शिवाकांत तिवारी को अध्यक्ष बनाये पर उन्हें मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले,जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह,सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब दुर्ग के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, सांई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ,इंटक नेता प्रकाश शिवणकर, मोहम्मद उस्मानी,शोमू मुखर्जी,नंदकिशोर शर्मा,चन्ने भाटिया,जितेन्द्र तिवारी,ज्वाला अग्रवाल,अनीश रजा,पाशी अली,गौरव उमरे,अनूप पाटिल, राजू भाटिया,अभिजीत तामस्कर,आयुष शर्मा,ईसाक अली,चिराग शर्मा,अशोक मेहरा,अली असगर,चंद्रशेखर पारख,नरेंद्र सोनकर,अभिनव बघेल,हरिओम गुप्ता ने बधाई दी है।

### स्कूली ऑटो-वैन पर की गई 23 हजार 600 रुपये की चालानी कार्रवाई

**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच में मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 हजार 800 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले गए, जबकि 10 हजार 800 रुपये की ई-चालान कार्रवाई की गई। इस प्रकार दो दिनों में कुल 23 हजार 600 रुपये की राजस्व वसूली की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह अभियान चलाया गया।

# शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर के बच्चों ने नेवता भोज के आनंद के साथ जमकर खेली होली

## बसना विकासखंड अंतर्गत संकुल केन्द्र जमदरहा के




**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में बच्चों ने रंगों का त्यौहार होली बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाया सभी बच्चे अपने अपने घरों से रंग,गुलाल,पिचकारी, मिठाई लेकर आए थे।आज नेवता भोज के बाद विद्यालय में बच्चो ने जमकर होली खेली।सभी बच्चो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर ,गले मिलकर होली की बधाई दी। होली के इस मौके पर अनिता सुरूलाल चौहान (महिला स्व सहायता समूह के सदस्य)द्वारा आंशिक रूप से नेवता भोज मध्यान्ह भोजन के साथ परोसा गया ।आज नेवता भोज कार्यक्रम विद्यालय में 19 वी बार हुआ। नेवता भोज में मिक्चर,केला, अमरूद, बिस्किट, चाकलेट, शक्कर पारा आदि वितरण किया गया। नेवता भोज के दानदाता अनिता सुरूलाल चौहान और उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिको का प्रधान पाठक गफ्फार खान ने स्वागत अभिनंदन कर धन्यवाद दिया। तत्पश्चात प्रधान पाठक ने अपने संबोधन में सभी बच्चो और अभिभावकों को होली की अनंत शुभकामनाएं देते हुए बताया कि होली का त्यौहार प्रत्येक वर्ष फागुन माह के पूर्णिमा को मनाया जाता है । होली भाईचारा और खुशियों का पर्व है,बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है।* तत्पश्चात शाला प्रबंधन अध्यक्ष नेहरूलाल ने अपने संबोधन में सभी बच्चो को होली की बधाई देते हुए पूरी सावधानी के साथ होली का पर्व मनाने की बात कही। आज के कार्यक्रम के दानदाता श्रीमती अनिता सुरूलाल चौहान ने कहा कि मैं आज अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हु कि मुझे विद्यालय के बच्चो को नेवता भोज कराने का अवसर मिला। आज के कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेहरूलाल साहू, उपाध्यक्ष खेमकुमारी साहू, सरपंच महोदया बी बनडबरी नोनीबाई चौहान,अनिता चौहान, रामेश्वरी चौहान,महेत्तरीन, बुधियारिन, कुमारी साहू,लोकेश,लखन, उपस्थित थे।

आज के कार्यक्रम से बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, बसना संकुल समन्वयक अध्यक्ष त्रिकान्त बाघ, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

उक्त जानकारी प्रधान पाठक गफ्फार खान ने दी है।

# ठाकुरदिया खुर्द में राम मंदिर का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया भूमिपूजन

## उपमुख्यमंत्री ने ठाकुरदिया खुर्द में सामाजिक भवन एवं पिथौरा में जनपद पंचायत सभाभवन निर्माण की घोषणा




**पिथौरा( समय दर्शन )।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज महासमुंद जिले के ठाकुरदिया खुर्द में आयोजित राम मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक हैं तथा राम मंदिर का निर्माण समाज की आस्था और एकता का प्रतीक है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर सनातन समाज के संकल्प और आस्था की अद्भुत मिसाल है। उसी प्रेरणा से गांव-गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास होना चाहिए। अयोध्या के भगवान राम के मंदिर से ईंट लेकर इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या का श्री राम मंदिर अपने आप में विशेष है वह सनातनी मान बिंदु है, कई आक्रान्ता आये और हमारे मंदिरों को छिन्न भिन्न कर दिया था, उस समय समाज के लोगों ने संकल्प लिया होगा और 500 साल बाद राम मंदिर फिर भव्य रूप में बनकर खड़ा है।

आज इस मन्दिर का निर्माण का प्रारम्भ अयोध्या से लाई ईंट से हो रहा जो बहुत अद्भुत है। संकल्प लेकर मंदिर निर्माण का कार्य समय पर पूरा करें। उन्होंने मंदिर हेतु समाज द्वारा प्रदान किए गए दान की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ठाकुरदिया खुर्द में 20 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन तथा पिथौरा जनपद पंचायत में 25 लाख रुपए की लागत से सभाभवन निर्माण की घोषणा भी की।

इस अवसर पर उमेशानंद गिरी महाराज, कृष्णानन्द गिरी महाराज, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री आन्ध्र प्रदेश अमर सिंग तिलावत, जिला भाजपा अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष बाला चंद्राकर, आयोजन समिति के श्री अजय नायक उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज़ आनंद सरोवर बघेरा में होली पर्व मनाया गया





**दुर्ग ( समय दर्शन )।** होली पर्व के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में होली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी हिमांशु बहन इन्दौर (म.प्र.) अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत परमात्म स्मृति के साथ हुआ तत्पश्चात बेबी परिधी, सान्वि, किया, दिव्यांका द्वारा होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया ।
इस अवसर पर बघेरा ,केलाबाड़ी ,आर्य नगर ,सिंधिया नगर ,चंदखुरी व भिन्न भिन्न स्थानों के ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र के अनेक भाई-बहनें उपस्थित हुए ।

होली पर्व की आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए ब्रह्माकुमारी दुर्ग जिले की संचालिका रीटा बहन ने कहा होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। होली अर्थात् पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियाँ सभी को परमात्म याद के अग्नि में जलायेंगे तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा और विश्व की सर्व आत्मायें प्रभु परिवार बन जायेगा। होली का अर्थ यह भी है - हो-ली । जो बात बीत गयी उसका चिंतन न करना। ऐसी बातें जो मन को अशांत व दुःखी करने वाली उस बात को फुल स्टाप अर्थात् बिन्दी लगाना है ।
कार्यक्रम में मंच संचालन ब्रह्माकुमारी चैतन्य बहन ने किया साथ ही सभी नगर व प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी ।

# उड़नदस्ता दल ने किया विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण



**दुर्ग/समय दर्शन।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत आज गणित, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टाइपिंग, वाणिज्यिक गणित और औद्योगिक संगठन के मूल तत्व जैसे विभिन्न विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द मिश्रा द्वारा गठित विभिन्न उड़नदस्ता दलों ने जिले के अनेक परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस सघन निगरानी प्रक्रिया के दौरान मुख्य रूप से सेजस हाउसिंग बोर्ड सहित कई महत्वपूर्ण केंद्रों की जांच की गई। निरीक्षण अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में सर्वाधिक 09 केंद्रों की सूक्ष्म जांच की गई, जिनमें सेजस हाउसिंग बोर्ड, सेजस अहिवारा, गोढ़ी, कपसदा, नारधा, सेजस जामुल, कुरूद, कोहका और सेजस तितुरडीह के केंद्र शामिल रहे। इसी प्रकार, सहायक संचालक श्रीमती सीमा नायक द्वारा कुल 06 केंद्रों का अवलोकन किया गया, जिनमें निर्मला रानी खुर्सीपार भिलाई, सरस्वती वि. सेक्टर-04, नेशनल स्कूल दुर्ग, ढौर, सेजस जामुल और सेजस हाउसिंग बोर्ड के परीक्षा केंद्र सम्मिलित थे। ग्रामीण और अन्य क्षेत्रों में भी मुस्तैदी बरतते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (दुर्ग) श्री विनोद कुमार शुक्ला ने चंदखुरी और अण्डा स्थित 02 केंद्रों का जायजा लिया। पाटन क्षेत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री डी. के. देवांगन द्वारा कुल 05 केंद्रों की समीक्षा की गई, जिनमें सोमनी, पुरेना, सेजस जामगाँव एम, तर्रा और सेजस देवादा के परीक्षा केंद्र शामिल थे। इसके अतिरिक्त, धमधा क्षेत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अथर्व शर्मा द्वारा अहेरी, सेजस अहिवारा और सेजस नंदनी खुदनी स्थित 03 केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। राहत की बात यह रही कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई इस व्यापक और अचानक जांच के बावजूद किसी भी केंद्र पर अनुचित साधनों के उपयोग का कोई मामला नहीं पाया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई और नकल प्रकरण पूरी तरह से 'निरंक' रहे।

# गोंड महासभा धमधागढ़ युवा प्रभाग अध्यक्ष दिलीप ध्रुव को नियुक्त किया गया



**दुर्ग (समय दर्शन)।** केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के केन्द्रीय अध्यक्ष माननीय एम डी ठाकुर जी ने केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ युवा प्रभाग अध्यक्ष दिलीप ध्रुव जी को नियुक्त किया गया इनकी नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ के समस्त गोंड समाज लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है और महासभा प्रमुख पदाधिकारी गण समाज से जुड़े प्रमुख जनों ने दिलीप ध्रुव कि नियुक्ति पर बधाई दि है बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से पन्नालाल नेताम सीता राम ठाकुर तुलसी ध्रुव हेमंत ठाकुर बबलु ध्रुव सुनील उईके संजय मंडावी युवाराज कुंजाम जितेंद्र ध्रुव लखन ध्रुव ललित नेताम वेदप्रकाश ध्रुव राकेश मंडावी हितेश सिंह तुषार ठाकुर अजय ध्रुव संतोष ध्रुव नोहर ठाकुर भगवत मरकाम निर्मल ठाकुर एवं केन्द्रीय गोंड महासभा अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण के प्रति आभार व्यक्त किया

# बेमेतरा में मां भद्रकाली जिला मानस संघ का भव्य होली मिलन व समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान में 01 मार्च को किसान भवन बेमेतरा में भव्य बैठक एवं होली मिलन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मानस व्याख्यानमाला प्रतियोगिता के दोनों चरणों पर चर्चा की गई। प्रथम चरण चारों तहसीलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न होने तथा द्वितीय चरण का लोलेसरा में व्यापक स्तर पर आयोजन होने पर संतोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने आयोजन की गुणवत्ता, सहभागिता और भावनात्मक प्रभाव की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों को और अधिक सुव्यवस्थित, जनसहभागी एवं प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानस व्याख्यानमाला के सफल आयोजन हेतु गुरुकृपा सेवा सत्संग समिति लोलेसरा को सम्मानित किया गया।

बैठक में संरक्षक के रूप में पधारे रीझन सेन, शिव साहू, महेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर सिन्हा, माधोराम साहू, ईश्वर सिंह राजपूत, मेहतरु राम ध्रुव, अभ्भन सेन एवं देवलाल सिन्हा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में संघ की गतिविधियों को समाज में सांस्कृतिक जागरण का सशक्त माध्यम बताते हुए सतत सेवा, अनुशासन और संगठन विस्तार पर बल दिया।

संगठन विस्तार के अंतर्गत डॉ मनीष सिन्हा ग्राम बचेड़ी को शक्ति केंद्र देवकर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं संगठन सचिव छगन लाल साहू ने वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक उपरांत आयोजित होली मिलन समारोह ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। नगाड़ों की थाप पर संगीतमय फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच पारंपरिक एवं पौराणिक लोकगीतों का सामूहिक गायन हुआ। उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उत्सव का उल्लासपूर्ण वातावरण पूरे जिले में सांस्कृतिक समरसता का संदेश प्रसारित करता रहा।

कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी एवं पंजीकृत मंडलियों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नरेन्द्र जायसवाल, विष्णु साहू, डॉ. ओमकार चन्द्राकर, भीखम लाल देवांगन , चन्दु साहू, धनेश वर्मा, बाबूलाल साहू, लता निषाद, कल्याणी सेन, खेलन राजपूत, गजेन्द्र वर्मा, ओम यदु, विश्वनाथ साहू, आत्मा पटेल, विनोद साहू , अजय यादव, संतोष साहू, बेबी साहू, लता निषाद, रमा साहू, ममता साहू, सहित चारों तहसीलों के अध्यक्ष बिहारी लाल यादव, महेश कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू एवं श्रवण कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल एवं सुसंगठित संचालन डॉ. ओमकार चन्द्राकर एवं भीखम लाल देवांगन द्वारा किया गया।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26